दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -14 जबलपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


**चाकघाट और चित्रकूट से रेंग-रेंगकर बढ़ने लगे वाहन, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर व सिवनी से भी यातायात बहाल**

## प्रयागराज में बेकाबू भीड़, ट्रैफिक जाम से श्रद्धालु परेशान

प्रयागराज. (आरएनएस)। महाकुंभ मेले के दौरान रविवार को प्रयागराज के विभिन्न मार्गों पर कई किलोमीटर तक लंबा ट्रैफिक जाम देखने को मिला. भारी भीड़ के कारण प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को भी अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा. मेला प्रशासन के अनुसार, रविवार शाम 8 बजे तक 1.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके थे, जबकि 13 जनवरी से 9 फरवरी तक कुल 43.57 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं. ट्रेफिक जाम का असर सोमवार को भी चलता रहा.

महाकुंभ में भारी जाम की स्थिति पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार से आपातकालीन व्यवस्था की मांग की. उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में फंसे करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तुरंत आपातकालीन व्यवस्था की जाए. हर तरफ जाम में भूखे-प्यासे, बेहाल और थके तीर्थयात्रियों को मानवीय दृष्टि से देखा जाए. आम श्रद्धालु क्या इंसान नहीं हैं?

प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए श्रद्धालुओं की बेतहाशा भीड़ के कारण मध्य प्रदेश में उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तीन दिनों से बना ट्रैफिक

जाम सोमवार दोपहर तक तो विकराल रूप लिए रहा लेकिन उसके बाद महाकुंभ में भीड़ का दवाब कम हुआ तो पुलिस-प्रशासन ने बैरिकेडिंग हटाकर वाहनों को आगे बढ़वाया। इसके बावजूद भी टोल नाकों और बैरिकेडिंग वाले प्वाइंटों पर बड़ी संख्या में वाहनों का जमघट है, इसलिए वाहन रेंगते हुए ही आगे बढ़ पा रहे हैं। रीवा जिले में चाकघाट और चित्रकूट से वाहनों को बेहद धीमी रफ्तार में आगे बढ़ाया जा रहा है।

रविवार को ट्रैफिक की रफ्तार ऐसी रही कि वाहन आठ घंटे में महज 20 किलोमीटर ही रेंग पाए। सोमवार को सुबह भी रीवा के चाकघाट, सतना, मैहर, कटनी और सिवनी जिलों में भी बायपास पर वाहनों की रवानगी रोक दी गई थी। मैहर में अमदरा के पास तो कटनी में चाका बायपास और धनगवां में वाहनों को रोका गया था। सिवनी में भी बायपास पर वाहनों के पहिए थमे रहे, लेकिन सोमवार को दोपहर महाकुंभ स्थल और प्रयागराज में वाहनों की संख्या कम होने की सूचना मिली तो अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को लगाकर चाकघाट और चित्रकूट से वाहनों की रवानगी शुरू कराई। नतीजतन, जबलपुर और रीवा संभाग के सभी जिलों में बैरिकेडिंग समाप्त कराई गई। ट्रैफिक आगे बढ़ाने के लिए कटनी के चाका बायपास पर यात्री वाहनों को आगे बढ़ाया गया। लेकिन यहां ट्रांसपोर्ट वाहनों को कतारबद्ध रूप से किनारे खड़ा करवाकर रोक दिया गया, यद्यपि दोपहर बाद धीरे-धीरे मालवाहक वाहनों को भी उनके गंतव्य के अनुसार रवाना किया जाने लगा।

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए व्यवस्थाओं के निर्देश कहा- कंट्रोल रूम बनाएं**

इस काम में कोई ढिलाई न हो। डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी उपलब्ध रहे। व्यवस्थाएं महाकुंभ के पूरा होने तक जारी रहे।

## महाकुंभ पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू, लगाई संगम में डुबकी, किया पूजन

प्रयागराज.(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रयागराज महाकुंभ 2025 में पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई. उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे. महाकुंभ में स्नान करने वाली वह देश की दूसरी राष्ट्रपति बनीं, इससे पहले डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने संगम स्नान किया था.

राष्ट्रपति मुर्मू सुबह विशेष विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचीं, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया. इसके बाद उन्हें हेलिकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र स्थित डीपीएस स्कूल हेलीपैड लाया गया. वहां से कार द्वारा अरैल घाट पहुंचीं, जहां से वह क्रूज से संगम तट पर गईं और पवित्र संगम में स्नान किया. स्नान के बाद उन्होंने पूजन अर्चन भी किया. संगम स्नान के बाद राष्ट्रपति ने अक्षयवट के दर्शन करने जाएंगी, जिसे हिन्दू धर्म में अमरता का प्रतीक माना जाता है. अक्षयवट की महिमा पुराणों में भी वर्णित है.

## छेड़छाड़ से परेशान दो बहने चलती बस से कूदी, परीक्षा देने के लिए जा रही थी, हालत अत्यंत गंभीर

दमोह. (आरएनएस)। एमपी के दमोह स्थित तेजगढ़ में आज सुबह दस बजे के लगभग उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब छेड़छाड़ से परेशान होकर दो बहनें चलती बस से कूद गई. जिससे दोनों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है. जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है. हादसा उस वक्त हुआ है जब वे परीक्षा देने के लिए बस से स्कूल जा रही थी. खबर है कि तेजगढ़ जिला दमोह में रहने वाली किशोरी अखरोटा-टोरी रोड स्थित स्कूल में 9वीं कक्षा में अध्ययनरत है. जिसका आज गणित का पेपर था, आज वह स्कूल जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी, इस दौरान उसकी बहन भी स्कूल जाने के लिए आ गई. काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब बस नहीं आई तो दोनो बहने दूसरी बस को रुकवाकर उसमें बैठ गई. बस में बैठते ही दोनों बहनों ने कंडेक्टर को किराया दिया लेकिन उसने किराया लेने से मना कर दिया. दोनों बहन अपनी सीट पर बैठी बातचीत कर रही थी, इस दौरान एक युवको द्वारा छात्राओं को घूरते हुए अशील टिप्पिणियां करने लगा. हरकतें जब ज्यादा बढ़ गई तो दोनों ने बस को रोकने के लिए कहा, बस जब नहीं रोकी गई तो दोनों बहनों ने चलती बस से छलांग लगा दी. बच्चियों को चलती बस से कूदते देख राह चलते लोगों में चीख पुकार मच गई. देखा तो दोनों बहनों के सिर, हाथ, पैर, पीठ, चेहरे पर गंभीर चोटें आई,दोनों को नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया. जहां पर दोनों की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद दमोह के जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर दोनों बच्चियों की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बस पन्ना जिले की है, जो दमोह के झापन गांव जा रही थी.

**मुख्यमंत्री ने पीपलरावां, देवास में किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन-1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित किए 1553 करोड़ रूपए**

## हमारी सरकार का संकल्प है हर हाथ को काम, हर खेत को पानी-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को देवास के सोनकच्छ के ग्राम पीपलरांवा से एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खाते में 1553 करोड़ रूपए, 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रूपए और 81 लाख किसानों के खाते में 1624 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से अंतरित किये। उन्होंने कार्यक्रम में 144.84 करोड़ रूपये लागत के 53 कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रंजीत सागर परियोजना से आस-पास के गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। क्षेत्र में हरियाली छायेगी और किसान समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि कि पारस पत्थर से लोहा भी सोना बन जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर खेत को पानी और बिजली की सुविधा मिले तो किसान समृद्धशाली होंगे और फसलरूपी सोना जरूर मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को सिंचाई के

**प्रयागराज जाने वाला मध्यप्रदेश का कोई भी तीर्थ यात्री भूखा प्यासा नहीं रहेगा**

लिए पर्याप्त पानी और बिजली उपलब्ध करा रही है। हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने 20 वर्ष पहले जो नदी जोड़ो का सपना देखा था आज वह प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने हमें केन-बेतवा लिंक योजना के लिए 1 लाख करोड रुपए दिए हैं। इस योजना से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। एक अन्य 70 हजार करोड रुपए की पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना पर भी कार्य शुरू हुआ है। प्रदेश के प्रत्येक के गांव, एक-एक खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा। इस बार किसानों के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य होगा 2600 रूपए होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का उद्देश्य हर हाथ को काम और हर खेत को पानी देना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं की बेहतरी के लिए लगातार काम रही है। मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रदेश में प्रत्येक युवा को रोजगार मिले, इसके लिए इन्वेस्टर्स समिट कर उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार देकर दुनिया में भारत का मान बढ़ाना और मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाना हमारा उद्देश्य है। प्रदेश में महिलाओं, किसानों और सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के कल्याण के लिए प्रदेश में आगे बढ़कर कार्य किया जा रहा है। आज के समारोह में 1 लाख 27 करोड़ लाड़ली बहनों, 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों, 81 लाख किसानों को 2054 करोड़ रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से प्रदान की गई। प्रदेश सरकार योजनाओं के संचालन में कोई कमी नहीं रहने देगी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि प्रदेश की 76 लाख बहनों को गैस रिफिलिंग के लिए प्रति हितग्राही को 450 रूपये भी प्रदान किये गये हैं। उन्होंने लाड़ली बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रतिमाह 1250 रूपये की राशि दी जा रही है, इसे आगे चलकर 3000 रूपये तक करेंगे।

## किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी पर जानलेवा हमला, महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण पर आरोप

प्रयागराज. (आरएनएस)। यूपी के प्रयागराज से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. जहां, किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी पर जानलेवा हमला हुआ है जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गई हैं. आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर हिमांगी सखी पर हमला करने का आरोप लगा है. रिपोर्ट के मुताबिक ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर हिमांगी सखी उनसे सवाल करती थीं. जानकारी के मुताबिक किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी पर हमला करने के लिए आरोपी फॉर्च्यूनर गाड़ी से पहुंचे थे. हमले का वीडियो भी वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है. वहीं, जगद्गुरु हिमांगी सखी को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है.

## राज्यसभा में सोनिया गांधी ने उठाया जनगणना में देरी का मुद्दा, जल्द कराने की मांग की

नई दिल्ली-(आरएनएस)। राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जनगणना में देरी का मुद्दा उठाया। सोनिया गांधी ने कहा कि सितंबर 2013 में यूपीए सरकार द्वारा पेश किया गया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) एक ऐतिहासिक पहल थी, जिसका उद्देश्य देश की 140 करोड़ आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इसने लाखों परिवारों को भुखमरी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर संकट के दौरान। सोनिया गांधी ने आगे कहा कि इस अधिनियम ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए आधार प्रदान किया। एनएफएसए के तहत, 75त्न ग्रामीण आबादी और 50त्न शहरी आबादी सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने की हकदार है। हालाँकि, लाभार्थियों के लिए कोटा अभी भी 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित किया जाता है जो अब एक दशक से अधिक पुराना है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार जनगणना में चार साल से अधिक की देरी हुई है। मूल रूप से 2021 के लिए निर्धारित, यह कब आयोजित किया जाएगा, इस पर अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बजट आवंटन से पता चलता है कि अद्यतन जनगणना इस वर्ष भी आयोजित होने की संभावना नहीं है। परिणामस्वरूप, लगभग 14 करोड़ पात्र भारतीय एनएफएसए के तहत अपने उचित लाभ से वंचित हो रहे हैं। यह जरूरी है कि सरकार जनगणना को जल्द से जल्द पूरा करने को प्राथमिकता दे। खाद्य सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं बल्कि मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि हालांकि लाभार्थियों के लिए कोटा अब भी 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जो अब एक दशक से अधिक पुरानी है।

## तिरुपति मंदिर-लड्डू विवाद में एसआईटी ने 4 लोगों को पकड़ा, टेंडर के साथ ही शुरू हो गई थी गड़बड़ी

तिरुपति.(आरएनएस)। तिरुपति मंदिर के प्रसिद्ध लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है.

यह गिरफ्तारियां तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में कथित मिलावट के मामले में हुई हैं, जिसने पिछले साल देशव्यापी आक्रोश को जन्म दिया था. गिरफ्तार किए गए लोगों की

पहचान भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशकों विपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी के अपूर्व चावड़ा और एआर डेयरी के राजू राजशेखरन के रूप में हुई है. अधिकारियों के अनुसार, ये सभी गिरफ्तार व्यक्ति विभिन्न डेयरी फर्मों से जुड़े हैं और उन

## शंकराचार्य ने राहुल गांधी पर लगाए ये आरोप, हिंदू धर्म से बहिष्कार करने का प्रस्ताव पारित

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में धर्म संसद में दो प्रस्ताव पारित किए गए हैं। एक प्रस्ताव नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और दूसरा प्रस्ताव अमेरिकी प्रशासन को लेकर किया गया है। राहुल गांधी द्वारा दिए गए मनुस्मृति के खिलाफ कथित बयान पर आपत्ति जताई गई है। वहीं, अमेरिकी प्रशासन द्वारा हिंदुओं के प्रति किए गए व्यवहार की कड़ी निंदा की गई और क्षमा याचना की मांग की गई है। यह प्रस्ताव सेक्टर 12 स्थित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर में चल रही परम् धर्म संसद में पारित किया गया। दरअसल, राहुल गांधी ने लोकसभा में हाथरस गैंगरेप की घटना का जिक्र किया और कहा, जिसने गैंगरेप किया वो बाहर घूम रहे हैं और लड़की का परिवार अपने घर में बंद है। लड़की का परिवार बाहर नहीं जा सकता है क्योंकि जो अपराधी हैं वो उन्हें डराते-धमकाते हैं। लड़की का अंतिम संस्कार भी नहीं करने दिया और सीएम ने इसके बारे में खुलकर मीडिया में झूठ बोला है। ये संविधान में कहां लिखा है कि जो बलात्कार करते हैं वो बाहर रहे और जिसका रेप हुआ वो घर में रहे। ये आपकी किताब मनुस्मृति में लिखा है, संविधान में नहीं लिखा। धर्म संसद ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वायरल हो रहे एक वीडियो क्लिप को संज्ञान में लिया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आधिकारिक इंस्टा हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा गया है कि, राहुल गांधी एक महीने के भीतर अपना पक्ष, परम धर्म संसद के समक्ष रखें। ऐसा न करने पर, उन्हें हिंदू धर्म से बहिष्कृत करने की घोषणा की जाएगी। राहुल गांधी पर आरोप है कि उनके द्वारा की गई मनुस्मृति को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी से मनुस्मृति को पवित्र ग्रंथ मानने वाले करोड़ों आस्थावानों को पीड़ा हुई है।

## परीक्षा पे चर्चा- पीएम मोदी ने कहा- बल्लेबाज की तरह लगाएं ध्यान, दिए ये 6 खास गुरुमंत्र

नई दिल्ली. (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी 2025) के आठवें संस्करण में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु, फिल्म स्टार दीपिका पादुकोण और विक्रांत मैसी, ओलंपिक चैंपियन मैरी कॉम और पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखरा सहित कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों को कई खास गुरुमंत्र दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी चीजों को इग्नोर करें जो ध्यान भटकाती हैं। क्रिकेट के मैदान में जैसे एक बल्लेबाज आने वाले बॉल पर ध्यान लगाता है उसी तरह अपने ध्यान को केंद्रित करें। पीएम नरेंद्र मोदी ने छात्रों को दिए ये 6 खास गुरुमंत्र 1. प्रभावी होना चाहिए टाइम मैनेजमेंट- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रणनीतिक समय के इस्तेमाल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टाइम मैनेजमेंट प्रभावी हो यह जरूरी है। पीएम ने छात्रों से कहा कि अपने दिन की योजना पहले से बनाएं। जो विषय पसंद हैं उनपर ध्यान केंद्रित करने के बजाय चुनौतीपूर्ण विषयों को अधिक समय दें।

## शहपुरा के जंगल में 700 किलो गांजा मिला, जबलपुर स्ट्राइक फोर्स की दबिश, 4 नाबालिग गिरफ्तार, टीआई सस्पेंड, जेसीबी बुलाई

जबलपुर/डिंडौरी.(आरएनएस)। एमपी के डिंडौरी के शहपुरा स्थित ग्राम पड़रिया में आज उस वक्त हड़कम्प मच गया. जब जबलपुर से पहुंची स्ट्राइक फोर्स की टीम ने वन विभाग के साथ मिलकर जंगल में दबिश देकर चार लोगों को गिरफ्तार कर जमीन के अंदर से 700 किलो गांजा बरामद किया है. इसके लिए जेसीबी बुलाई गई. खुदाई अभी भी जारी है क्योकि और भी गांजा मिलने की संभावना है. पुलिस ने इस मामले में चार नाबालिगों को हिरासत में लिया है. वहीं एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शहपुरा थानाप्रभारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है. जबलपुर की स्ट्राइक फोर्स की टीम को खबर मिली थी कि शहपुरा स्थित पड़रिया के जंगल को शिकारियों व तस्करों ने अवैध कारोबार का अड्डा बनाया है. तस्कर बाहर के राज्यों से लाया जाने वाला गांजा यहां पर जमीन के अंदर रखते है इसके बाद जबलपुर सहित आसपास के जिलों में सप्लाई करते है. यहां तक कि जंगल में जंगली जानवरों का शिकार भी करते है. इसके बाद आज जबलपुर से पहुंची स्ट्राइक फोर्स की टीम ने वन विभाग के

अधिकारियों के साथ मिलकर दबिश दी. जहां से करीब 700 किलो गांजा मिला, गांजा को निकालने के लिए जेसीबी बुलाई गई. यहां तक कि अधिकारियों द्वारा सूचना दिए जाने पर शहपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. टीम को गांजा के अलावा जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए छिपाए गए उपकरण जैसे प्रेशर बम, जाल, चाकू भी मिले है. अधिकारियों का कहना है कि मामले में मुख्य आरोपी सूर्य पिता अजीत अपने कु छ साथियों के साथ जंगल के रास्ते भागने में सफल हो गया है, वहीं पुलिस ने चार नाबालिग संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है.

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना मझौली में राघवेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष निवासी खिरवा ने सूचना दी कि वह खेती किसानी का काम करता है आज वह अपने घर पर था दोपहर लगभग 3-40 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया और फोन करने वाले ने बताया कि आपके दादा बेड़ी सिंह उर्फसुखदेव सिंह राजपूत जो मझौली में रहते हैं थे वे एक्सीडेण्ट हो जाने से खत्म हो गये है एक्सीडेण्ट राधारानी ढाबा के पास सिहोरा रोड़ में हुआ है तो वह शासकीय अस्पताल मझौली पहुंचा उसके दादा श्री बेड़ी सिंह उर्फसुखदेव सिंह राजपूत उम्र 60 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 13 मझौली की एक्सीडेट से मृत्यु हो गयी है।

**कटंगी बायपास पर ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन का निगमायुक्त एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने किया लोकार्पण**

# वाहनों की फिटनेश टेस्ट में आयेगी पारदर्शिता - निगमायुक्त

**ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर से वाहनों की क्षमता एवं गुणवत्ता की मिलेगी जानकारी - निगमायुक्त प्रीति यादव**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर व शहर के आस पास वायु गुणवत्ता में पहले से अधिक सुधार होते जा रहा है इसके लिए लगातार निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव तेजी से प्रयास कर रहीं है। इसी क्रम में उन्होंने शहर के कटंगी बायपास पर ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन ए.टी.एस. कमर्शियल वाहनों के फिटनेस टेस्ट का आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र सिंह रघुवंशी ने लोकार्पण कर शुभारंभ किया। जिससे वाहनों की फिटनेश टेस्ट में पारदर्शिता आयेगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने लोकार्पण समारोह के अवसर पर बताया कि परिवहन मंत्रालय द्वारा व्यावसायिक वाहनों का फिटनेस उपरोक्त केंटो द्वारा किया जाना है, जिसमें व्हीकल को 35 टेस्टों से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक ओर ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर से वाहनों की क्षमता एवं गुणवत्ता की जानकारी मिलेगी वहीं दूसरी ओर वायु गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा और प्रदूषण में भी पहले ज्यादा कमी आयेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने कहा कि वाहनों में आंतरिक त्रुटियां नहीं होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना भी कम रहती है। पूर्व में परिवहन कार्यालय में भौतिक रूप से व्हीकल का फिटनेस जारी किया जाता था अब यह सब ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन ए.टी.एस. में होगा। लोकार्पण के समय अधिकारी कर्मचारी, बड़ी संख्या में नागरिकगण आदि उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर की जबरन स्थापना, गलत बिलिंग एवं विद्युत विभाग की तानाशाही के खिलाफ व्यापारी संघ का विरोध

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गोरखपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुधीर सोनकर एवं सचिव मनीष रांका एवं समस्त व्यापारियों की ओर से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर को एक विरोध पत्र सौंपा गया है, जिसमें स्मार्ट मीटर की जबरन स्थापना, जानबूझकर ज्यादा बिजली बिल भेजने एवं व्यापारियों से अन्यायपूर्ण वसूली को लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई है।

**मुख्य आपत्तियाँ एवं व्यापारी संघ की मांगें-**

1. स्मार्ट मीटर की जबरन स्थापना एवं गलत जानकारी देना गोरखपुर बाजार के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा दबाव बनाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को यह स्पष्ट नहीं बताया जा रहा कि यह वैकल्पिक है, अनिवार्य नहीं, जबकि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) एवं विद्युत नियामक आयोग की टैरिफ पुस्तिका में यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित है।

**2. अत्यधिक शुल्क एवं अवैध वसूली**

9 फरवरी 2025 को प्रकाशित दैनिक भास्कर की रिपोर्ट के अनुसार, जिस स्मार्ट मीटर की वास्तविक कीमत मात्र ?2000-?3000 है, उसके लिए उपभोक्ताओं से ?25000 वसूले जा रहे हैं, जो 8 वर्षों में भुगतान करना अनिवार्य किया गया है।

**3. लाइन लॉस का बोझ उपभोक्ताओं पर डालना**

2021-22 में 27.04त्न, 2022-23 में 27.39त्न और 2023-24 में 28.24त्न लाइन लॉस हुआ है। विद्युत मंडल अपनी हानियों को कम करने में असफल रहा है और इसका भार आम जनता पर डाल रहा है। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद व्यापारियों के बिजली बिल में 300 से 1000 यूनिट की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

4. व्यापारियों को जानबूझकर अधिक यूनिट का बिल भेजना एवं अधिकारियों द्वारा सुनवाई न करना गोरखपुर व्यापारी संघ के करीब 20 व्यापारियों के बिजली बिल में 300 से 500 यूनिट की अतिरिक्त खपत जोड़ी गई है। उदाहरण के लिए, जिन व्यापारियों का एवरेज 150 यूनिट का मासिक बिल था, अब उनके बिल 400 से 700 यूनिट तक बढ़ा दिए गए हैं। जब व्यापारी अपनी शिकायत लेकर मिशन कंपाउंड स्थित बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलने गए, तो कोई भी अधिकारी सुनवाई के लिए तैयार नहीं था। अधिकारियों ने कहा कि पहले स्मार्ट मीटर लगवाइए, तभी आपका बिल सही किया जाएगा, अन्यथा आपको इसी तरह बढ़े हुए बिल का भुगतान करना होगा। इस तानाशाही फरमान से व्यापारियों में भारी आक्रोश है।

**व्यापारी संघ की प्रमुख माँगें**- स्मार्ट मीटर की जबरन स्थापना पर तत्काल रोक लगाई जाए। अवैध वसूली पर तुरंत कार्रवाई की जाए। जिन व्यापारियों ने स्मार्ट मीटर हटाने के लिए आवेदन किया है, उनके प्रतिष्ठानों से तुरंत स्मार्ट मीटर हटाया जाए। व्यापारियों के गलत बिल बिना किसी शर्त के सुधारे जाएं।

**आंदोलन की चेतावनी**

यदि विद्युत विभाग ने तुरंत समाधान नहीं निकाला, तो व्यापारी संघ कल दोपहर 1:00 बजे प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल प्राइवेट लिमिटेड को ज्ञापन सौंपेगा। अगर इसके बाद भी व्यापारियों की सुनवाई नहीं हुई, तो व्यापारी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

**व्यापारी संघ की अपील**

गोरखपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुधीर सोनकर एवं सचिव मनीष रांका ने कहा कि व्यापारी समाज विद्युत विभाग की तानाशाही को स्वीकार नहीं करेगा। अगर जल्द ही व्यापारियों की मांगें नहीं मानी गईं, तो व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा।

# रेल मंडल में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में दिनांक 10.02.2025 को 2 मैच खेले गए इसमें पहले मैच में कार्मिक विभाग में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया वाणिज्य विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रन का टारगेट दिया वाणिज्य विभाग से प्रवीण ने 42 सन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की कार्मिक विभाग 49 रन ही बन सका 10 ओवर में और यह मैच वाणिज्य विभाग ने 28 रनों से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच प्रवीण रहे वाणिज्य विभाग से और आज का दूसरा मैच ऋऋऋ वर्सेस ऑपरेटिंग के बीच खेला गया जिसमें ऋऋऋ की ओर से योगेश पटेल और लोकेश पटेल ने 57 और 53 रन मारकर अपनी टीम को एक विशाल स्कोर 131 का टारगेट दिया ऑपरेटिंग टीम इस टारगेट का पीछा करते हुए 82 रन पर ही अलाउड हो गई और आरपीएफ ने यह मैच 49 रन से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच योगेश पटेल रहे वाणिज्य विभाग खेल को सचिव सुबोध गोस्वामी ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका परिचय लिया। आज के मैच के अंपायर रहे श्री विक्रमजअंसारी श्री कैलाश यादव श्री हसन अली श्री असलम अली श्री गुलाम गौस अंतर विभागीय प्रतियोगिता में खेलकूद अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सहायक कार्मिकअधिकारी सचिपति नंदनमंडल खेलकूद सचिव सुबोध मुकुन्द गोसावी रोशन यादव रामदयाल सनोदिया गणेश श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित थे। कल दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच 11:00 मैकेनिकल वर्सेस सिग्नल एंड टेलीकॉम के मध्य खेला जाएगा और वहीं दूसरा मैच टीआरएस एनकेजे वर्सेस इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के बीच 1:00 बजे खेला जाएगा।

**प्रयागराज जंक्शन सहित प्रयागराज क्षेत्र के सभी आठ स्टेशन पूरी तरह चालू हैं; रेलवे ने तीर्थयात्रियों की निरंतर भीड़ को कम करने के लिए रविवार को 330 ट्रेनें और आज दोपहर 3 बजे तक 201 ट्रेनों का संचालन किया**

# भारतीय रेलवे महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं के आने और वापिस जाने को सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है

**केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने 12 फरवरी, 2025 को माघी पूर्णिमा के अगले अमृत स्नान से पहले मौजूदा भीड़ की स्थिति और रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।भारतीय रेलवे भारी भीड़ के बावजूद महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को लाने और वापस उनके घर पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। एक दिन पहले मीडिया में आई एक गलत रिपोर्ट का खंडन करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया के माध्यम से देश को बताया कि प्रयागराज क्षेत्र के आठ अलग-अलग स्टेशनों से लगभग 330 ट्रेनों ने 12 लाख 50 हजार यात्रियों को उनके घरों तक पहुंचाया गया है। भले ही भीड़ कम नहीं हो रही है, लेकिन भारतीय रेलवे इन स्टेशनों से सिर्फ़ 4 मिनट से कुछ यादा समय में एक ट्रेन संचालन कर यह सुनिश्चित कर रहा है कि श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान के बाद प्रतीक्षा न करनी पड़े।

माघी पूर्णिमा के अगले पवित्र अमृत स्नान से पहले, इन ट्रेनों की एक रेक एक ही यात्रा में औसतन 3780 यात्रियों की सेवा कर रही है, जो दर्शाता है कि भीड़ कम नहीं हो रही है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ, श्री सतीश कुमार ने जोनल और डिवीजनल रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक में स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से लोगों को कुशलतापूर्वक और पूरी क्षमता से सेवा देने के अपने सभी प्रयासों को मीडिया के ध्यान में लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज जंक्शन के साथ 7 अन्य स्टेशन प्रयागराज छिवकी, नैनी, सूबेदारगंज, प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूसी पूरी तरह कार्यरत हैं। निरंतर भीड़ के बावजूद, प्रयागराज क्षेत्र के इन 8 स्टेशनों से विशेष और नियमित ट्रेनें पूरी क्षमता से चल रही हैं। किसी भी अमृत स्नान से दो दिन पूर्व और दो दिन पश्चात केवल एक स्टेशन प्रयागराज संगम को बंद करना एक नियमित प्रक्रिया है। श्री सतीश कुमार ने जोर देकर कहा कि यह प्रयागराज जिला प्रशासन के सुझाव पर किया गया है और इससे पूर्व के पवित्र स्नानों और अमृत स्नान पर यह कदम उठाया गया था। उन्होंने मीडिया, भारतीय रेलवे के जनसंपर्क के क्षेत्रीय और मंडल कार्यालयों से आग्रह किया कि वे विशेष रुप से आस-पास के इलाकों में कथित यातायात जाम को देखते हुए श्रद्धालुओं को महाकुंभ शहर तक पहुंचने में सहायता करने के लिए अपने बड़े प्रयासों का प्रसार करें। एक तथ्य अनुसार आज दोपहर 3 बजे तक, प्रयागराज जंक्शन सहित 8 स्टेशनों से 9 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों को लेकर 201 से अधिक विशेष और नियमित ट्रेनें पहले ही रवाना हो चुकी थीं।

इससे पहले दिन में, सीआरबी और सीईओ श्री सतीश कुमार ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को रेल भवन के वॉर रूम में प्रयागराज क्षेत्र में रेलवे सेवाओं के सुचारू संचालन के बारे में जानकारी दी, जहां सभी रेलवे स्टेशनों से सीसीटीवी कैमरा फुटेज देखे जा रहे हैं। दोनों ने भीड़ को देखते हुए स्थिति की समीक्षा की और माघी पूर्णिमा के अगले अमृत स्नान से पहले रेलवे की तैयारियों पर चर्चा की। बाद में, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने मीडिया और आम जनता से महत्वपूर्ण प्रयागराज जंक्शन पर सेवाओं के प्रभावित होने के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान ना देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आठ रेलवे स्टेशनों पर जाकर तथ्यों को आसानी से सत्यापित किया जा सकता है, जहां महाकुंभ के लोगो के साथ मेला विशेष ट्रेनें दिन-रात चल रही हैं। भारतीय रेलवे द्वारा एक सामान्य दिन में 330 ट्रेनें चलाना भारत के लोगों के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह संख्या गत माह मौनी अमावस्या के दिन 360 ट्रेनें संचालित करने के समान लोगों की भीड अपने ऐतिहासिक स्तर पर थी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए आधिकारिक रेलवे स्रोतों का संदर्भ लें तथा भ्रामक जानकारी से बचें।

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा आज शासकीय कन्या शाला सीएम राइज स्कूल रांझी में परीक्षा पर चर्चा बच्चों के साथ सीधा प्रसारण पर विधायक अशोक रोहाणी जी उपस्थित रहे विधायक श्री अशोक रोहाणी जी ने कहा कि हमें मोदी जी के परीक्षा पर चर्चा को आत्मसात करके अपने विचार एवं व्यवहार में आत्मसात करके अपनी परीक्षा में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होकर अपने मां-बाप का नाम रोशन करना चाहिए इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी शिक्षक सहित जी पी झरिया, प्रचार्य सचिन जैन सहारा दामोदर सोनी पुष्पराज सेंगर ,अनुराग दहिया, निशांत झरिया, दशरथ रजक ,रामहरक पाल, राजेश अहिरवार, पप्पू सोनकर सहित सभी कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे

**नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में कल**

# निशुल्क माघ मास कल्पवास का हवन यज्ञ फूलों की होली आज





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 10 वर्षों से लगातार निशुल्क माघ मास कल्पवास का आयोजन होता आ रहा है 30 वे दिन 11 फरवरी को प्रातः 9:00 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा शाम 4:00 बजे से भगवान राधा कृष्ण फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा 12 फरवरी प्रातः 7:00 बजे से 463 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाएगी जो आश्रम से होकर पंचवटी धुआंधार लामोटा घाट से नाव पार कर न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा आश्रम में स्वामी जी के द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया जाएगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाब बनी मोहित तिवारी कैलाश विश्वकर्मा सुरेश विश्वकर्मा आदि ने की है

# वर्षों से एक ही स्थान पर जमे अधिकारी -कर्मचारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघ के संयोजक दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में हजारों की संख्या में अधिकारी और कर्मचारी हैं जो 3 वर्ष तो क्या 8-10 वर्षों से एक ही स्थान पर अंगद के पैर की तरह जमे हुए हैं इनके जुगाड़मेंट इतने पक्के हैं कि इन्हें कोई टस से मस नहीं कर सकता। संघ ने बताया कि कार्यालयों में मलाईदार पोस्ट (जैसे स्थापना, लेखा,ट्रांसफर,सेवा पुस्तिकाकार्य )पर या आरामदायक पोस्ट (जहाँ दिन भर मुफ्त की चाय कॉफी मिलती रहे )पर जमे बाबू तो हटना ही नहीं चाहते इसी प्रकार जिले में कई ऐसे संकुल हैं जहाँ वर्षों से प्राचार्य नहीं बदले । संघ ने बताया,कि जबाबदार मौन धारण किये हुए हैं और वे लोकसेवक सर्वाधिक हलाकान परेशान हैं जिन्हें वास्तव में स्थानांतरण की आवश्यकता हैं वे जुगाड़मेंट नहीं लगा पा रहे हैं कहने का तात्पर्य यह है कि भर्राशाही का ऐसा आलम है कि जरूरतमंद हलाकान और शासन प्रशासन बेजुबान। वर्षों से जमे नियम कायदों की धज्जियाँ उड़ा रहे और ताल ठोककर धमका रहे कि उनकी इतनी लम्बी सेटिंग हैं कि कोई भी उनका बाल भी बांका नहीं कर सकता। संघ ने बताया कि एक ही स्थान पर अनेक वर्षों से जमे ये धुरंधर अपनी बपौती समझने लगे हैं और वाणी का माधुर्य भी खो चुके हैं। संघ के संयोजक दिलीप सिंह ठाकुर,राशिद अली, भास्कर गुप्ता,,विश्वनाथ सिंह,आकाश भील, नितिन तिवारी,भोगीराम चौकसे, गंगाराम साहू, दुर्गेश खातरकर,नितिन तिवारी, आलोक शर्मा,आदेश विश्वकर्मा, चंद्रभान साहू, धर्मेंद्र परिहार, विशाल सिंह,अजब सिंह, इमरत सेन,रामकली पुरते, पंकज, देवेंद्र, सुधीर, सौरभ,ऋषि पाठक, कमलेश दुबे,डेलन सिंह आदि ने अधिकृत अधिकारी, मध्य प्रदेश शासन से उपरोक्त विभीषिका पर ध्यानाकर्षण करने की मांग की है ।

# जेनको क्रिकेट लीग के फाइनल में होगी लीजेन्ड्स और रॉयल्स की भिड़ंत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वावधान में आयोजित जेनको क्रिकेट लीग के फाइनल में लीजेन्ड्स व रॉयल्स इलेवन पहुंच गईं। आज रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में पहले सेमीफाइनल मैच में लीजेन्ड्स ने ट्राफी की प्रबल दावेदार चार्जर्स को 8 विकेट से और दूसरे सेमीफाइनल में रॉयल्स ने वॉरियर्स को 7 विकेट से पराजित कर दिया। अंकित एडविन के हरफनमौला खेल से लीजेन्ड्स पहुंची फाइनल में-पहले सेमीफाइनल मैच में चार्जर्स के कप्तान विनीत त्रिपाठी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। उनका निर्णय आशानुकूल नहीं रहा और दो विकेट सिर्फ 11 रन पर ही गिर गए। इसके बाद प्रशांत कवाडकर सफल रहे और उन्होंने सर्वाधि?क 27 रन का योगदान दिया। चार्जर्स के कप्तान विनीत त्रिपाठी बल्लेबाजी में असफल रहे। कमल 19 रन बनाकर अच्छा खेल रहे थे लेकिन चोटिल होकर वे रिटायर हो गए। शेष बल्लेबाज एक या दो रनों का योगदान दे सके। चार्जर्स की टीम निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट गवां कर 78 रन ही बना पायी। लीजेन्ड्स की ओर से अंकित एडविन ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर 3 विकेट और कप्तान प्रशांत सिंह भदौरिया ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी लीजेन्ड्स के समक्ष 78 रन कोई बड़ा लक्ष्य नहीं था। जब उनका स्कोर 22 रन था तब दो विकेट गिर चुके थे लेकिन प्रशांत सिंह भदौरिया व अंकित एडविन ने संभल कर खेलते हुए अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशांत सिंह भदौरिया 18 व अंकित एडविन 44 रन बनाकर नाबाद रहे। चार्जर्स के सभी गेंदबाज आज प्रभावहीन रहे। अंकित एडविन को उनके हरफनमौला खेल के कारण मेन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर सुबोध धांडे व संदीप बर्मन रहे। सुहेल की कप्तानी पारी से रॉयल्स पहुंची फाइनल में-दूसरे सेमीफाइनल मैच में रॉयल्स इलेवन के कप्तान सुहेल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रॉयल्स का यह निर्णय उस समय सही नहीं दिखा जब वॉरियर्स के सलामी बल्लेबाज कुशल जैन व कमलेश केवट ने पहले विकेट की साझेदारी में 5.7 ओवर में 57 रन जोड़ लिए। 10 वें ओवर में जब कमलेश केवट 52 रन बनाकर आउट हुए तब तक वॉरियर्स की टीम 10 ओवर में 98 रन बना चुकी थी। इसके बाद नितिन नागवंशी ने अपनी टीम के लिए बहुमूल्य 20 जोड़े। वॉरियर्स की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाए। रॉयल्य इलेवन की ओर से विक्रम बनाफर ने दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी रॉयल्स इलेवन के बल्लेबाज करो या मरो की नीति से मैदान में उतरे। रॉयल्स ने विजयी लक्ष्य 3 विकेट खोकर 9 ओवर में हासिल कर लिया। रॉयल्स इलेवन के सुहेल ने आज कप्तानी पारी खेलते हुए शानदार नाबाद 54 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज हरीश 27 रन बनाकर पारी को सुदृढ़ता दी। सुभांशू मीना का योगदान 14 रन का रहा। पिछले मैचों के सफल गेंदबाज के. विनय राव आज सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने दो ओवर में 39 रन और नितिन नागवंशी ने एक ओवर में 22 रन दिए। सुहेल को तूफानी पारी खेलने के लिए मेन ऑफ द मैच चुने गए। मैच के अंपायर संजय झरबड़े व तरुण विजयकर रहे। फाइनल मैच आज 11 फरवरी को-जेनको क्रि?केट लीग का फाइनल मैच में दोपहर 2.00 बजे लीजेन्ड्स व रॉयल्स इलेवन के मध्य खेला जाएगा। इसके पूर्व महिला कार्मिकों की टीमों वंडर वुमेन्स व पावर एंजेल्स के मध्य मैच दोपहर 1.00 बजे से खेला जाएगा। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह शाम 4.00 बजे से होगा।

# भाजपा जबलपुर ग्रामीण की बैठक संपन्न

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण की प्रथम कामकाजी बैठक प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल, विधायक श्री अजय विश्नोई, श्री संतोष बरकडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया की उपस्थिति में रानीताल स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल ने बताया 11 फरवरी को पं दीनदयाल जी उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर भाजपा द्वारा आजीवन सहयोग निधि का समर्पण मंडल स्तर में किया जाएगा और इसी दिन से समर्पण अभियान प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर समर्पण निधि के जिला प्रभारी रुपेश पटेल, सह प्रभारी पुष्पराज सिंह बघेल, महामंत्री राजेश राय, राजेश दाहिया, उपाध्यक्ष आशीष पटेल, देवेंद्र यादव, डॉ.सुभाष तिवारी, दिनेश पटेल, उर्मिला दाहिया, अभिषेक हरि सिंह, छाया जैन, रश्मि बादल, नीता जैन, आनंद साहू, राजमणि सिंह बघेल, ओम दुबे के साथ ग्रामीण जिले के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

भोपाल -प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देश के समस्त छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 सागर में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा देखा। श्री राजपूत ने बच्चों से कहा कि टाइम को मैनेज करना सीखें तथा टारगेट बड़ा रखें तो परीक्षा छोटी लगने लगेगी।

**अंग दान की पूर्व सूचना देने वालों को राष्ट्रीय पर्व पर किया जाएगा सम्मानित-एम्स की तरह प्रदेश में विकसित किया जाएगा आयुर्विज्ञान संस्थान**

# अंग दान है कई लोगों को जीवन देने का पुनीत कार्य-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एम्स भोपाल में हुए मध्य भारत के पहले हार्ट ट्रांसप्लांट से पुनर्जीवन प्राप्त करने वाले मरीज श्री दिनेश मालवीय से उनकी कुशलक्षेम पूछी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए एम्स भोपाल की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गत दो वर्ष से श्री मालवीय हृदय रोग से पीड़ित थे। उपचार से मिली राहत से श्री मालवीय प्रसन्न है। अंगदान किस प्रकार लोगों को जीवन देने का माध्यम बनता है, यह ट्रांसप्लांट इस तथ्य को स्पष्टत: दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नर्मदापुरम निवासी श्री मालवीय 22 जनवरी को एम्स भोपाल में भर्ती हुए और 2× जनवरी को उनका हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। अब वे पूर्णत: स्वस्थ है, संभवत: कल तक उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एम्स के डॉक्टरों व संपूर्ण टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि मानवता की सेवा के लिए टीम द्वारा किया गया कार्य प्रदेश को गौरवांवित करने वाला है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान युग में अंग प्रत्यारोपण, अंग दान, देह दान जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। एक देह दान से लगभग 9 डॉक्टर्स को चिकित्सा संबंधी कई बारीकियों को व्यावहारिक रूप से सीखने में सहायता मिलती है। चिकित्सा शिक्षा के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेजों के साथ आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में भी पार्थिक देह की आवश्यकता होती है। रा'य शासन द्वारा देह दान के लिए परिवारों में जागरूकता लाने और उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। देह दान की पूर्व सूचना देने वालों को रा'य शासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। अंतिम संस्कार के लिए गृह विभाग से समन्वय कर उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी। अंग दान की पूर्व सूचना देने वाले व्यक्तियों को 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित किया जाएगा। ऐसे जिन व्यक्तियों के पास अनुष्मान कार्ड नहीं हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएंगे। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में अंग दान और अंग प्रत्यारोपण की स्थिति बने इस उद्देश्य से आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक स्वास्थ्य, रा'य सरकार की सर्वोंच प्राथमिकताओं में शामिल है। इस उद्देश्य से ही लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग का एकीकरण किया गया। प्रदेश के विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र को देखते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के समान ही रा'य शासन द्वारा भी आयुर्विज्ञान संस्थान विकसित किया जाएगा। रा'य शासन द्वारा रोगियों को तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पीएमश्री एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिन स्थानों पर हवाई पट्टियां हैं वहाँ विमान से और जहाँ हवाई पट्टियां नहीं है वहाँ हेलीकॉप्टर के माध्यम से मरीजों को चिकित्सा संस्थानों में भेजने की व्यवस्था की जा रही है। गंभीर स्थिति के मरीजों के उपचार में समय महत्वपूर्ण होता है, एयर एंबुलेंस सेवा से कम से कम समय में मरीज को उपयुक्त इलाज उपलब्ध कराना संभव हुआ है। एयर एंबुलेंस से प्रतिदिन जीवन रक्षा के उदाहरण सामने आ रहे हैं। एयर एंबुलेंस से एयर लिफ्ट करने में सामान्यत: 5 से 8 लाख रुपए का व्यय होता है। रा'य सरकार द्वारा लोगों की जीवन रक्षा को सर्वोंच प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान योजना के माध्यम से आवश्यक प्रबंध किये गय हैं।

## रीवा के रास्ते प्रयागराज पहुंच मार्ग पर स्थिति सामान्य होने पर एक-दो दिन बाद जाएं = मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयागराज का जो क्षेत्र मध्यप्रदेश से सटा हुआ है, विशेष रूप से रीवांचल इलाका, यहां से अन्य राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में महाकुंभ पहुंच रहे हैं। इसलिए वाहनों के आवागमन से सड़कों पर यातायात का कुछ दबाव बना हुआ है। राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन सभी श्रद्धालुओं के संपर्क में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकुंभ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं से अपील की है कि स्थिति सामान्य होने तक वे एक-दो दिन इस मार्ग से आगे बढ़ने से बचें। महाकुंभ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा है, उससे व्यवस्थाओं को बनाने में चुनौतियां सामने आ रही हैं।

इनसे निपटने के लिए मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं कि सीमा क्षेत्रों में जहां भी जाम है, वहां यात्रियों के लिए पानी, भोजन और आवास व्यवस्थाएं सुनिश्चत हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में मध्यप्रदेश से प्रयागराज जाने वाले सभी यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि श्रद्धालु महाकुंभ जाने से पहले पूछताछ कर सुनिश्चित कर लें, कि आगे का रास्ता क्लीयर है या नहीं। यदि जाम की स्थितियां न हो, तभी आगे बढ़ें।

**उप मुख्यमंत्री ने दुर्मनकूट में देवरहा बाबा की प्रतिमा का किया महाभिषेक**

# संतों और गौमाता के आशीर्वाद के बिना विकास संभव नहीं है - उप मुख्यमंत्री

भोपाल-(आरएनएस) रीवा जिले के गुढ़ तहसील के ग्राम दुआरी में दुर्मनकूट धाम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ब्रम्हर्षि देवरहा बाबा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया। उप मुख्यमंत्री ने देवरहा बाबा की प्रतिमा का महाभिषेक तथा पूजा अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरहा बाबा ईश्वर तुल्य संत थे। बड़े-बड़े राजनेता और अन्य लोग उनका आशीर्वाद पाने के लिए लालायित रहते थे। उनके जैसा संत सदियों में जन्म लेता है। देवरहा बाबा ने दुर्मनकूट की गुफा में वर्षों साधना की थी। उनकी यह तपोभूमि प्राकृतिक सौंदर्य और आस्था का केन्द्र बनेगी। पूरे स्थल का सुव्यवस्थित विकास किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्मनकूट में विकास के कई कार्य किए जा रहे हैं। भावी पीढ़ी इन जैसे स्थानों से प्रेरणा लेकर प्रकृति और सनातन का महत्व समझेगी। विकास के साथ-साथ हमें अपनी परंपराओं को भी सहेजना है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गौमाता कहीं भी असहाय नहीं रहेगी। भैरवनाथ मंदिर के समीप पाँच हजार गायों के लिए गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। विधायक श्री नागेन्द्र सिंह के प्रयासों से भैरवनाथ में भी भव्य मंदिर तैयार हो गया है। औद्योगिक क्षेत्र गुढ़ तथा नगर पंचायत गुढ़ को पर्याप्त पानी देने के लिए 20 करोड़ रुपए की लागत से जल प्रणाली विकसित की जा रही है। इससे पाँच एमएलडी पानी प्राप्त होगा। इन सभी कार्यों का अगले माह मुख्यमंत्री जी लोकार्पण करेंगे। विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह ने कहा कि यहाँ के समाजसेवी स्वर्गीय लवकुश प्रसाद अग्निहोत्री को देवरहा बाबा ने स्वप्न में बताया कि मैंने दुर्मनकूट की गुफा में लंबे समय तक तपस्या की थी। देवरहा बाबा की प्रेरणा से श्री अग्निहोत्री ने 1980 से दुर्मनकूट के विकास के प्रयास शुरू किए। दुर्मनकूट में 25 मंदिर, गुफा, अनेक प्रतिमाएं तथा अन्य स्थल हैं। मुख्य मार्ग से दुर्मनकूट तक की सड़क का निर्माण विधायक निधि से किया जाएगा। समारोह के संयोजक श्री जितेन्द्र मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि परम तपस्वी देवरहा बाबा ने दुर्मनकूट में वर्षों बरस तपस्या की। इस स्थल को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। समाजसेवी लवकुश अग्निहोत्री ने जो सपना देखा था उसे हम सब मिलकर पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। समारोह में डॉ बीके शुक्ला दुर्मनकूट विकास समिति अध्यक्ष ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्र में सिंचाई सुविधा देने, गौशाला निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने तथा मगरदहा बांध निर्माण की मांग रखी।

समारोह स्थल में स्वास्थ्य विभाग तथा आयुर्वेद विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। समारोह में अध्यक्ष नगर निगम रीवा श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह, नगर पंचायत गुढ़ की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गुढ़ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन किया।

# समाज के परम वैभव की पुनर्प्राप्ति के लिए स्वत्व के भाव के साथ सामाजिक चेतना जागृति की आवश्यकता-मंत्री परमार

भोपाल-(आरएनएस) भारत का इतिहास गौरवशाली, शौर्य और ज्ञान से समृद्ध रहा है। सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज की दूरदर्शितापूर्ण नीतियां, प्रबंधन और पुरुषार्थ भारत के गौरवशाली इतिहास को परिलक्षित करते हैं। उन महापुरुषों के कालखंड में नैतिक सत्ता हुआ करती थी। भारतीय इतिहास में परमार वंश की व्यापक प्रतिष्ठा थी। काल के प्रवाह में प्रतिष्ठा को विलोपित करने का षड्यंत्र रचा गया। समाज की प्रतिष्ठा को पुन: विश्वमंच पर स्थापित करने के लिए सामाजिक चेतना के स्वाभिमान के साथ जागरण की आवश्यकता है। समाज के महापुरुषों के पुरुषार्थ को समझकर उनके जीवन आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात् करना होगा। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित गुफा मंदिर के मानस भवन में राजा भोज पंवार (परमार) समाज संगठन भोपाल के स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। मंत्री श्री परमार ने समाज के ऐतिहासिक परम वैभव की पुनर्प्राप्ति के लिए स्वत्व के भाव के साथ सामाजिक चेतना जागृति के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। श्री परमार ने कहा कि सनातन समाज को कभी किसी की नकल करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। हमारा समाज प्रकृति पूजक एवं सूर्य उपासक रहा है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति और ऊर्जा स्रोतों को संरक्षण के लिए कृतज्ञता के भाव के साथ परंपराओं और मान्यताओं से समृद्ध किया। पूर्वजों द्वारा स्थापित परम्पराओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जनता दरबार के दौरान बर्खास्त शिक्षक ने आत्मदाह करने की कोशिश की

शिवपुरी (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जनता दरबार के दौरान बर्खास्त शिक्षक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। शनिवार को मानस भवन में सांसद से न मिल पाने पर कई लोग नाराज दिखे। सुनवाई न होने पर महिला रोई। प्रशासन ने सभी के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही।

दरअसल जनता दरबार में हजारों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इसमें आए 1261 आवेदन में से 161 का मौके पर ही निराकरण किया गया। अधिकारियों ने कहा सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। वृद्धावस्था पेंशन के लिए पहुंचे बुजुर्गों को सिंधिया के सामने ही स्वीकृति पत्र प्रदान किए। 31 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए।

मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि शिविर में आए आवेदनों की निगरानी की जाएगी और सभी समस्याओं का समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। उन्होंने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनसुनवाई में भूपेंद्र गुप्ता नाम के पूर्व शिक्षक ने अपनी नौकरी बहाली और पीएम आवास योजना के तहत मकान की मांग को लेकर पहुंचे। यहां उन्होंने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उन्हें तुरंत रोक लिया। यह बात सिंधिया तक नहीं पहुंच पाई।

पुलिस ने बताया भूपेंद्र वर्ग-3 का शिक्षक था, जिसे दो साल तक बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था। यह पहला मौका नहीं है, जब उसने ऐसा किया। भूपेंद्र इससे पहले भी फिजिकल क्षेत्र में पानी की टंकी पर चढ़कर कूदने की कोशिश कर चुका है। प्रशासन ने तब भी समझाकर उसे नीचे उतारा था। प्रशासन का कहना है कि उसकी मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है, लेकिन बार-बार इस तरह की घटनाओं को अंजाम देना सही नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनसुनवाई में केंद्रीय मंत्री सिंधिया और प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## आईईएस यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन यूएनआई-टीईएएस 2025 का आयोजन किया

भोपाल(आरएनएस)। आईईएस यूनिवर्सिटी और आईईएस कॉलेज लो टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने स्प्रिंगर के सहयोग से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन यूएनआई-टीईएएस 2025 का आयोजन किया। यह सम्मेलन यूनिवर्सल थ्रेट्स इन एक्सपर्ट एप्लिकेशंस एंड सोल्यूशंस विषय पर केंद्रित था। सम्मेलन का उद्घाटन एनआईटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी और आईईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर बीएस यादव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर थाईलैंड, इटली और फिलीपींस से आए अंतरराष्ट्रीय

**ऊर्जा मंत्री तोमर की मौजूदगी में नगर निगम के पार्षदगणों ने लिया संकल्प**

# ग्वालियर शहर को स्वच्छ, प्रदूषण व नशामुक्त बनाने शहरवासी एकजुट हों -ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल(आरएनएस) साझा प्रयासों से स्वच्छता में ग्वालियर शहर को अव्वल बनायेंगे। स्वचछता में जन-जन की भागीदारी हो, इसके लिये हम सभी अपने-अपने वार्ड में जन जागरण कार्यक्रम भी चलायेंगे। यह संकल्प ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की मौजूदगी में बाल भवन में आयोजित स्वच्छता कार्यशाला में ग्वालियर नगर निगम के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने लिया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषण व नशा मुक्त बनाने के लिये सभी से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी कथनी व करनी में अंतर न हो, स्वच्छता को लेकर हम सब जो भी संकल्प लें उसे प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर भी लाएं।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि केवल सरकार, जिला प्रशासन एवं नगर निगम के प्रयासों से शहर को स्वच्छता में अव्वल नहीं बनाया जा सकता। इसमें हर शहरवासी की भागीदारी जरूरी है। श्री तोमर ने कहा कि हाल ही में कांचमिल से पाताली हनुमान रोड को साफ-सुथरा कर ग्रीन कोरीडोर बनाने का काम शुरू किया गया है। इसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी तरह शहर की अन्य सड़कों को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के लिये पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधिगण आगे आएं।

ऊर्जा मंत्री श्री ह तोमर ने स्वच्छता संसाधन बढ़ाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा इसके लिये सांसद, विधायकगण एवं सभी दलों के चुन हुए जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर सुझाव लिए जाएं। मंत्री श्री तोमर ने अपने स्वेच्छानुदान से ग्वालियर शहर में कचरा संग्रहण के लिये 10 ट्रेक्टर ट्रॉली उपलब्ध कराने की सहमति दी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सड़क पर कचरा फेंककर शहर को गंदा कर रहे लोगों को पहले टोककर समझाएं और बार-बार टोकने के बाबजूद भी यदि वह नहीं मानें तो उन पर कड़ा जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने पार्कों को नुकसान पहुँचाने वाले तत्वों पर सख्ती करने पर भी बल दिया। श्री तोमर ने पार्कों की निगरानी के लिये सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने की सलाह भी दी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने ग्वालियर के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक गौरव के अनुरूप शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिये सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

# जल-जंगल-जमीन पर सबसे पहला अधिकारी आदिवासी वर्ग का- जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित आदिवासी कांग्रेस विभाग द्वारा आदिवासी लीडरशिप डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर एवं साक्षात्कार के लिए आयोजित बैठक में उपस्थित प्रदेश के सभी जिलों से आये आदिवासी वर्ग पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि आदिवासी इस देश का मालिक है, जल-जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार आदिवासी वर्ग का है।

आदिवासी वर्ग के महापुरूषों चाहे वो बिरसा मुंडा हो, टंट्या भील हो या रघुनाथ शाह-शंकरशाह हो या वीरांगना रानी दुर्गावती हो इन सभी ने देश की आजादी में अपना योगदान दिया और आदिवासी वर्ग की रक्षा और सम्मान को अक्षुण्ण बनाये रखने में महती भूमिका का निर्वहन किया। जीतू पटवारी ने कहा कि देश की युवा शक्ति लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी जातिगत जनगणना के पक्ष में है, क्योंकि जातिगत जनगणना से हर वर्ग के मध्यम और गरीबों को उसका लाभ मिलेगा। आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता का अवसर मिलेगा। आदिवासियों का और कांग्रेस का और संविधान का प्रकृति का आपस में गहरा रिश्ता है जो हमें जल-जंगल से ही मिला है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण जीवन के लिए हवा और जल है उससे ही हर व्यक्ति को जीवन जीने के लिए आक्सीजन और ऊर्जा मिलती है।

पटवारी ने कहा कि आदिवासी वर्ग के रिक्ल डेढ़ लाख से अधिक बेकलॉग के पदों पर भर्ती नहीं हुई है। आदिवासियों की जमीन मप्र सरकार और इनके नुमाइंदों और सरकार के चापलूस अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। आदिवासी वर्ग को कभी बांध के नाम पर कभी सेंचुरी के नाम पर जमीनों से बेदखल किया जा रहा है। दलितों और आदिवासियों पर भाजपाराज में अत्याचार और अनचार की घटनाएं चरम पर हैं। आदिवासी वर्ग की महिलाओं को गायब किया जा रहा है जो सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से स्पष्ट है।

# 'एकात्म धाम' प्रयागराज में आदि शंकराचार्य के जीवन प्रसंग पर हुई कथा में शामिल हुए- उप मुख्यमंत्री देवड़ा

भोपाल-(आरएनएस)आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना के उद्देश्य से प्रयागराज महाकुम्भ क्षेत्र में स्थापित एकात्म धाम मंडपम्, में आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर केन्द्रित 'शंकरो लोकशंकर:' कथा के दूसरे दिन मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा सम्मिलित हुए। उन्होंने न्यास द्वारा प्रदर्शित अद्वैत लोक, पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। कथा का आयोजन 12 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 04 बजे से होगा।

आचार्य शंकर के दर्शन और स्वाध्याय पर बात करते हुए पूज्य श्री गोविंद गिरि जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति साधना को महत्व देता है, धीरे-धीरे उसके अंदर

दैवीय गुण उत्पन्न होने लगते हैं। आदिगुरु शंकराचार्य ने हमें बैकुंठ जाने जैसे छोटी चीजें नहीं सिखाई, उन्होंने हमें अपने अंदर बैकुंठ के दर्शन करने की प्रक्रिया सिखाई। श्रीमद् भागवत जैसा शुद्ध वेदांत आपको कहीं नहीं मिलेगा,यह स्वयं में पूर्ण है।

कथा के दूसरे दिवस पर आचार्य शंकर के सन्यास, कालड़ी से ओंकारेश्वर तक की यात्रा, गुरु की खोज, नर्मदाष्टकं की रचना और ओंकारेश्वर से काशी आगमन आदि प्रसंगों का उल्लेख किया।

विकसित राष्ट्र का संकल्प एकात्मता से ही पूर्ण होगा = इसरो चैयरमेन

इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन भी एकात्म धाम शिविर पहुंचे। उन्होंने अद्वैत लोक प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की मध्यप्रदेश शासन के एकात्म धाम प्रकल्प की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, जो कार्य मध्यप्रदेश सरकार कर रही है, वह सचमुच प्रशंसनीय है।

मांडूक्योपनिषद पर स्वामिनी सद्विद्यानन्द सरस्वती एवं ध्यान सत्र में स्वामी योगप्रताप सरस्वती ने युवाओं को सम्बोधित किया।

महाकुम्भ नगर। बसंत स्नान के बाद गुरुवार से फिर संस्कृति का महाकुम्भ होगा, जिसमें देश की विविध संस्कृतियों का संगम होगा। गंगा पंडाल पर चल रहे मुख्य आयोजन को लेकर संस्कृति विभाग ने एक बार फिर तैयारी पूरी कर ली है। अगले चार दिन तक देश के नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियों से महाकुम्भ की सांझ सजेगी। 7 को डोना गांगुली, 8 को कविता कृष्णमूर्ति, 9 को सुरेश वाडेकर, सोनल मान सिंह व 10 को हरिहरन प्रस्तुति देंगे। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा स्नान है, इसलिए 11 से 13 फरवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।

## वक्फ संपत्ति पर विवाद

वक्फ कानून में संशोधन को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति की आखिरी बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। दस विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद बैठक सुचारू रूप से चली।

भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के चौदह प्रस्ताव पारित कर दिए, जबकि विपक्ष के तरफ रखे सभी 44 प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वक्फ बोर्ड से प्रस्तावित दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को हटाने के सुझाव प्रमुख थे, जिन्हें नामित करने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। वक्फ संपत्ति पर विवाद होने पर कलेक्टर स्तर का अधिकारी जांच करेगा। यह कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं होगा। जो वक्फ की संपत्तियां पंजीकृत नहीं हैं, उनका पंजीकरण शुरू होगा। जिन संपत्तियों पर वक्फ का कब्जा है, वे वापस मालिकों को मिल सकेंगी। आरोप लगाया जा रहा है कि ये प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने प्रयास करेगा। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चोट पहुंचाने का आरोप लगा रहा है। वे संसद से मंजूरी मिलने पर सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी दे रहे हैं।

जैसा कि भाजपा कांग्रेस के वोट बैंक की राजनीति में सुराख करने व गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाने के नाम पर इसे कानून बनाने की मशक्कत लंबे समय से कर रही है। तमाम विरोधों के बावजूद कुछ लोग कब्रिस्तान में होने वाले अतिक्रमणों व जबरन की जा रही अनधिकृत कब्जेदारी से निजात पाने के लिए इस निर्णय से खुश भी हैं। वक्फ संपत्तियों के प्रशासन व प्रबंधन के उद्देश्य से संशोधन विधेयक 2024 को लेकर अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं।

# आम आदमी पार्टी की हार, भाजपा की सरकार

कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है, वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। जिसको संघर्ष के बाद सफलता मिलती है, वह स्थायित्व को प्राप्त कर सकती है, क्योंकि संघर्ष करने से अनुभव आता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि तक ही सुख का अनुभव करा सकते हैं, वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और उनके बाद आम आदमी पार्टी में दूसरे नंबर पर आने वाले नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा।

दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो यह ध्यान में आता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया है। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया। इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिला, वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर सकती थी। इस पर एक बात कहना बहुत ही आवश्यक है कि जो दूसरों की शक्ति से चमकते हैं, उनकी चमक लम्बे समय तक नहीं रहती। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की चमक ऐसी ही थी। जहां तक पंजाब में सरकार बनाने की बात है तो यही कहना समुचित होगा कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गया, जिसका राजनीतिक लाभ आम आदमी पार्टी को मिला।

दिल्ली के विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम किया है। अगर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और ही होती, लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार ही उनको ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि 卐मोदी जी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो आप हरा नहीं सकते卐। ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बड़ी बात यह है कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे थे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। जबकि यह सारा काम जांच एजेंसियों और सर्वोच्च न्यायालय ने किया। अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजने का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का था, लेकिन उनका आरोप भाजपा पर था। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की इस बात को झूंठ ही माना। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भारतीय जनता पार्टी का भी दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सीट प्राप्त होना, इसको प्रमाणित भी करता है। विधानसभा में भाजपा को भले ही कम सफलता मिली हो, लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने भी इस चुनाव को आम आदमी पार्टी की तर्ज पर ही लड़ा। भाजपा ने लोहे को लोहे से काटने की रणनीति पर काम किया, जिसमें भाजपा ने बाजी मार ली। दिल्ली के चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गया, उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को ही उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफ करने के नाम पर बार बार वादे करना आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है, उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे, वे वही वादे थे, जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफ करने का ही था। इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे।

## ममता कुलकर्णी की नई शुरुआत

अमरपाल सिंह वर्मा

कई लोग सफलता और भौतिक सुख को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य मान लेते हैं, लेकिन जिंदगी कब-कहां लेकर चली जाए, कौन जानता है। चर्चित हीरोइन का किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बन जाना बहुत कुछ सोचने को मजबूर करता है।

ममता कुलकर्णी लंबे समय तक ग्लैमर की जिस दुनिया में रहीं, वह दुनिया जितनी आकषर्क दिखती है, उतनी ही मुश्किल भी है। ममता का जीवन भी इससे अछूता नहीं रहा। जैसे-जैसे उनकी लोकप्रियता बढ़ी, वैसे-वैसे विवाद भी उनके जीवन का हिस्सा बनते गए लेकिन ग्लैमर और ऐर्य से भरी जिंदगी को छोड़ कर वैराग्य के जिस सफर पर वह चल पड़ी हैं, यह कोई सहज मोड़ नहीं है। किसी भी व्यक्ति के लिए वैराग्य का मार्ग अपनाना बहुत कठिन होता है। लेकिन ममता ने यह कदम उठाया है और अध्यात्म के जरिए आत्मिक शांति की खोज शुरू की है तो इसके कुछ निहितार्थ तो होंगे ही।

मायानगरी मुंबई में पहचान बनाना लाखों युवाओं का सपना होता है। हर युवा बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में प्रवेश करना और उसमें अपनी पहचान बनाना चाहता है। ममता का भी यह सपना था, जिसे उन्होंने साकार किया। नब्बे के दशक में ममता कुलकर्णी चर्चित अभिनेत्रियों में से एक रहीं। बॉलीवुड में उन्होंने %वक्त हमारा है',%चाइना गेट', %सबसे बड़ा खिलाड़ी', %क्रांतिवीर', %बाजी', %करण-अर्जुन' जैसी तमाम फिल्मों से अलग पहचान बनाई लेकिन ग्लैमर और सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद उन्होंने जिस तरह अपनी जिंदगी की दिशा बदली है, वह उनके जीवन में आए उतार-चढ़ावों को दर्शाने के लिए काफी है। एक ओर जहां उनके ग्लैमरस फोटोशूट और बोल्ड व्यक्तित्व ने उन्हें मीडिया की सुर्खियों में बनाए रखा, वहीं उनका नाम कई विवादों से भी जुड़ा। इसके उपरांत धीरे-धीरे वह फिल्मी दुनिया से दूर होती चली गई।

## विजयवर्गीय विरोधी गुट के पक्ष दिल्ली में मोर्चा संभाले हुए थे जगत मामा

नितिनमोहन शर्मा

शिवराज-कैलाश के बीच की तल्खी हैं कि कम होने का नाम ही नही ले रहीं। ज़िले के अध्यक्ष पद जैसी छोटी बात पर भी ये तल्खी छुप नही पाई। प्रदेश सरकार में मंत्री या प्रदेश अध्यक्ष जैसा कोई मामला होता तो समझ भी आता। लेकिन इंदौर भाजपा की कप्तानी जैसी बात पर विजयवर्गीय को उनके ही घर में घेरने के लिए जगत मामा ने श्रीमंत का साथ भी जुटा लिया और ताई-भाई की लड़ाई को फिर से जीवित भी कर दिया। सफ़लता फ़िर भी पूर्णरूपेण हाथ नही आई। सिवाय विजयवर्गीय का ब्लडप्रेशर ऊपर नीचे करने और इंदौर का फ़ैसला सबसे अंत तक खिंचाने के अलावा इस घेराबंदी का कोई लाभ नही मिल पाया। उलटे इस बात का खुलासा भी हो गया कि भविष्य में विजयवर्गीय की राह में प्रदेश से जुड़े कौन तीन बड़े नेता आड़े आएंगे।ट्ट

किसी ज़माने के अभिन्न मित्र शिवराज सिंह चौहान और कैलाश विजयवर्गीय के बीच अदावत अब भी बरक़रार हैं। यह अदावत पूर्व मुख्यमंत्री की दिल्ली की नई भूमिका के बाद भी कम नही हुई हैं। इस अदावती का खुलासा इंदौर ज़िले में करीब डेढ़ महीनें चली ज़िले व शहर के अध्यक्ष पद की लड़ाई से हुआ। लंबी चली इस लड़ाई का कारण ही ये रहा कि दिल्ली में शिवराजसिंह ने ही विजयवर्गीय विरोधी खेमे के पक्ष में मोर्चा संभाल रखा था। केंद्रीय संगठन के समक्ष इंदौर की बात वे ही रख रहें थे।

इस काम के लिये पूर्व मुख्यमंत्री ने वैसे ही दिल्ली में भी गुट बना लिया था, जैसा उनके इशारे पर इंदौर में विधायकों के एक गुट ने डॉ मोहन यादव के सत्तानशीन होते ही बना रखा हैं। दिल्ली में कैलाश विजयवर्गीय विरोधी खेमे को मजबूती देने के लिए उन्होंने ताज़ा ताज़ा भाजपा में आये केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी साथ लिया। इस कारण अध्यक्ष की लड़ाई न सिर्फ लंबी चली, बल्कि सबसे आख़िर में ही अपने इंदौर का फ़ैसला हो पाया।

जगत मामा यही नही रुके। उन्होंने दिल्ली में अपनी बात में वजन बढ़ाने के लिए शहर की आठ बार की सांसद व पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन का भी साथ लिया था। ताई-भाई की पुरानी लड़ाई को जीवित करते हुए जगत मामा ने घर बैठी वयोवृद्ध नेता को भी दांव पर लगाया। ताई ने वीटो भी लगाया। बावजूद इसके मामा गुट सफ़लता मनोनुकूल नही मिल पाई। ज़िले में बदलाव तो हुआ लेक़िन मनोनुकूल नही हो पाया। शहर कैलाश विजयवर्गीय के पाले में ही आया। ज़िले में भी ऐसा अध्यक्ष सामने आ गया, जिसकी रत्तीभर भी कल्पना न शिवराज ने की थी, न बड़े गांव के मौजूदा विधायक ने की थी।

इस लड़ाई में घर बैठे ही बड़ा नुकसान मन्त्री तुलसी सिलावट का भी हो गया जो अब तक टकराव की राजनीति से सदैव दूर रहते आये। चाहे फ़िर वो पुराना दल कांग्रेस हो या नई भाजपा। लेक़िन पहलवान को भी अपने श्रीमंत के लिये वो करना पड़ा, जो वे कम से कम कैलाश कैम्प के साथ तो कभी करते नहीं। ज़िले की इस लड़ाई का असर 2028 में कम से कम सांवेर में तो साफ़ नज़र आना तय हैं।

## महाशिवरात्रि पर इन मंदिरों में जरुर करें महादेव के दर्शन, हर मनोकामना होगी पूरी

देवों के देव महादेव कई लोगों के आराध्य हैं। हर साल बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। महाशिवरात्रि के मौके पर पूरे देश में भक्तों का उत्साह चरम पर होता है।

इस खास दिन बाबा भोलेनाथ के भक्त उनकी भक्ति में डूबे नजर आते हैं। इस बार 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस खास दिन भगवान शिव की पूजा करना बेहद शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जो भी भक्त इस दिन विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं और व्रत करते हैं, उनको भगवान शिव का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं आप शिवरात्रि के मौके पर भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिर भी जा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भगवान शिव के कुछ फेमस मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि 12 ज्योतिर्लिंगों में से महाकाल ज्योतिर्लिंग मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित है। यह ज्योतिर्लिंग एक ऐसा स्थान है, जहां शिवरात्रि का पर्व 9 दिनों तक मनाया जाता है। मध्यप्रदेश के उज्जैन में महाकाल 9 दिनों तक अलग-अलग रूपों में अपने भक्तों को दर्शन देते हैं।

## आखिर पटरी पर रेल की विसनीयता कब कायम होगी?

प्रमोद भार्गव

भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकी गुणवत्ता से पूर्ण बनाए जाने के दावों और वादों के बावजूद रेल दुर्घटनाएं घट रही हैं।

आखिर पटरी पर रेल की विसनीयता कब कायम होगी? पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद नीचे उतरे यात्रियों को दूसरी ट्रेन ने रौंद डाला। हादसे में 13 यात्रियों की मौत हो गई।

एक तरफ भारत ने मोदी युग में रेल में इतना विकास कर लिया है कि वंदे-भारत एक्सप्रेस रेल यूरोपीय, अमेरिकी और एशियाई देशों में निर्यात होने के दावे किए गए। रेल सुरक्षा की दृष्टि से अनेक तकनीकी उपाय भी किए गए, लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कभी तकनीकी गड़बड़ी, कभी किसी कर्मचारी की लापरवाही या संकेतक की चूक से हादसे निरंतर हो रहे हैं। अफवाह से भी अपवादस्वरूप घटना घट जाती है। बावजूद रेल सुरक्षा से जुड़े तकनीकि विकास में हम अभी भी पिछड़े हुए हैं। हमने रेल की गति तो बहुत बढ़ा दी, लेकिन भारत में ही विकसित जो स्वदेशी स्वचालित सुरक्षा प्रणाली %कवच' है, उसे अभी पूरे देश में नहीं पहुंचा पाए हैं। फिलहाल रेलवे नेटवर्क में केवल 1455 किमी रेल लाइनों पर ही यह सुविधा काम कर रही है। ज्यादातर रेल हादसे ठीक से इंटरलॉकिंग नहीं किए जाने और मानवरहित रेलवे पार-पथ पर होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के केंद्रीय सत्ता पर आसीन होने के बाद ये दावे बहुत किए गए कि डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप के चलते रेलवे के हादसों में कमी आएगी। इसरो ने अंतरिक्ष में उपग्रह छोड़ते समय ऐसे बहुत दावे किए हैं कि रेलवे को ऐसी सतर्कता प्रणाली से जोड़ दिया गया है, जिससे मानव रहित फाटक से रेल के गुजरते समय या ठीक से इंटरलॉकिंग नहीं होने के संकेत मिल जाएंगे। नतीजतन रेल चालक और फाटक पार करने वाले यात्री सतर्क हो जाएंगे, लेकिन इसी प्रकृति के एक के बाद एक रेल हादसों के सामने आने से यह साफ हो गया है कि आधुनिक कही जाने वाली डिजिटल तकनीक से दुर्घटना के क्षेत्र में रेलवे को कोई खास लाभ नहीं हुआ है। बावजूद रेलवे के आला अफसर दावा कर रहे थे कि पिछले तीन साल में छोटे-मोटे हादसों को छोड़ दिया जाए तो कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, जबकि ओडिसा के बालासोर में दो सवारी गाडियों और एक मालगाड़ी की टक्कर में 290 लोगों की मौत हुई थी और 1100 से ज्यादा यात्री घायल हुए थे। भारतीय रेल विश्व का सबसे बड़ा व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, लेकिन इस ढांचे को फिलहाल विस्तरीय नहीं माना जाता। गोया इसकी संरचना को विस्तरीय बनाने की दृष्टि से कोशिशें तेज होने के साथ अंजाम तक भी पहुंच रही हैं।

## भूलकर भी माघ पूर्णिमा के दिन न करें ये 4 काम, बनी रहेगी माता लक्ष्मी की कृपा

माघ पूर्णिमा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। इस साल माघ मास की पूर्णिमा 12 फरवरी बुधवार को है। माघ पूर्णिमा के दिन स्नान, दान, जप और तर्पण का विशेष महत्व है। इस दिन पवित्र नदियों में सूर्योदय से पहले स्नान करने से पापों से मुक्ति होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, माघ पूर्णिमा के दिन कुछ कामों करना अशुभ बताया है। इस दिन आप चाहे व्रत रखें हो या ना हो माता लक्ष्मी की कृपा बनाए रखने के लिए इन कामों को भूलकर भी नहीं करना चाहिए।

माघ पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं, तो आप तामसिक भोजन का सेवन न करें। इस दिन आप भूलकर भी मांस-मदिरा का सेवन करने से मां लक्ष्मी कुपित हो सकती हैं। इस दिन फटे-पुराने या काले रंग के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी को समर्पिक है। इसलिए इस दिन कटे-फटे या काले रंग के कपड़े पहनना शुभ नहीं माना जाता है। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आपकी गुलाबी या लाल रंग के कपड़े पहनने चाहिए।

## गीतों की शब्द शक्ति से राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान जागरण की यात्रा

रमेश शर्मा

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में करोड़ो प्राणों के बलिदान हुये । ये बलिदान साधारण नहीं थे । पर इन बलिदानों केलिये आव्हान करने वाले शब्द साधकों की भी एक धारा रही है जिन्होंने अपने शब्दों की शैली और गीतों के माध्यम से राष्ट्र जागरण का अभियान छेड़ा। यह अभियान स्वतंत्रता के पहले भी चला और स्वतंत्रता के बाद भी । अपनी रचनाओं से राष्ट्र जागरण करने वाल: ऐसे ही कालजयी रचनाकार हैं कवि प्रदीप। जिन्होंने जीवन भर अपने ओजस्वी गीतों से पूरे राष्ट्र चेतना की अलख जगाई। स्वतन्त्रता के पूर्व यदि उनके गीतों में संघर्ष केलिये आव्हान था तो स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की उत्प्रेरणा । स्वाधीनता के पूर्व --दूर हटो ये दुनियाँ वालो ये हिन्दुस्तान हमारा है । और स्वतंत्रता के बाद- ऐ मेरे वतन के लोगो जरा आँख में भर लो पानी जैसे अमर गीत के रचयिता कवि प्रदीप ही हैं । वे दुनियाँ के उन विरले गीतकारों में से हैं जिनका हर गीत लोकप्रिय हुआ । उन्होंने दो हजार से अधिक गीत लिखे इसमें लगभग 1700 गीत फिल्मों में आये । और राष्ट्र भक्ति के ही सौ से अधिक गीत हर देशवासी की जुबान पर चढ़ गये ।

### कवि प्रदीप का जन्म मध्यप्रदेश के बड़नगर

ऐसे अमर गीतों के गीतकार कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी 1915 को मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले के अंतर्गत बड़नगर में हुआ। उनके पिता रामचंद्र द्विवेदी आर्य समाज से जुड़े थे । घर में राष्ट्रसेवा सांस्कृतिक गरिमा का वातावरण था । इसलिये प्रदीपजी मन और विचार बचपन से राष्ट्र और संस्कृति चेतना से भरे थे । उनकी प्रारंम्भिक शिक्षा बड़नगर में ही और उच्चशिक्षा लखनऊ में हुई।

कविताएं लिखने का शौक उन्हे बचपन से था । वे एक दृश्य देखकर अथवा कोई प्रसंग सुनकर बहुत प्रभावी गीत या कविता रच देते थे। उनकी इसी विधा ने पढ़ाई के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय में लोकप्रिय हो गये । पढ़ाई के दौरान ही उनकी भेंट उस समय के एक प्रखर और प्रभाव शाली कवि गिरिजा शंकर दीक्षित से हुई । दीक्षित जी अपने समय में कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय कवि और उनके शिक्षक भी थे । उनके मार्गदर्शन गीत जीवन की यात्रा आरंभ हुई ।

प्रदीपजी ने 1939 में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की और शिक्षक बनने की तैयारी भी । पर गीत रचना निरन्तर रही । उनके शिक्षक दीक्षित जी के पिता बलभद्र प्रसाद जी भी अपने समय के लोकप्रिय गीतकार थे । और उनके कुछ गीत फिल्मों में आये । वे प्रदीप जी के गीतों से बहुत प्रभावित थे । उन्ही दिनों प्रदीपजी ने चल चल रे नौजवान एक गीत लिखा। दीक्षित जी ने यह गीत मुम्बई भेज दिया । यह गीत एक फिल्म नौजवान में आ गया । फिल्म लोकप्रिय हुई और गीत भी । यह फिल्म 1940 में रिलीज हुई थी । इस गीत के साथ प्रदीप जी रातोंरात पूरे देश में लोकप्रिय हो गये । 1942 में उनका दूसरा गीत मानों भारत छोड़ो आंदोलन का एक मंत्र बन गया । यह गीत था आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है । यह गीत समाज को आव्हान करने वाला था आँदोलन के दौरान उस समय हर गली चौराहे पर गाया गया । 1944 में उनके एक और गीत दूर हटो ऐ दुनिया वालो, यह हिन्दुस्तान हमारा है ने फिर पूरे देश में तहलका मचा दिया । अंग्रेजी सरकार ने उनके गीतों को भड़काने वाला माना और गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया । कवि प्रदीप गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत हो गये । बाद में फिल्म निर्माताओं ने मध्यस्थता की और प्रशासन को फिल्म स्क्रिप्ट केलिये इन गीतों की आवश्यकता बताई तब जाकर वारंट निरस्त हुआ ।

प्रदीप जी ने स्वतंत्रता के बाद जागृति जैसी फिल्मों के लिये नये अंदाज से गीत लिखे । हम लाए हैं तूफान से किश्त निकल के आज भी लोकप्रिय है । उन्होंने 1954 में बच्चों को समझाया कि आओ बच्चों तुम्हें दिखाये झाँकी हिन्दुस्तान की । इस गीत में भारत के गौरवमयी अतीत की मानों एक झाँकी थी । स्वतंत्रता की इस यात्रा के बीच ही 1962 में भारत चीन युद्ध आ गया । उस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने कितनी विषम परिस्थिति में भारत राष्ट्र की रक्षा की । वे कहानियाँ दिल को दहलाने वाली है । सैनिकों के बलिदान पर उनका गीत ऐ मेरे वतन के लोगो, जरा आँख में भर लो पानी की रचना की । जिस भाव से प्रदीप ने इस गीत की रचना की उसी भावना से लता जी ने गाया । इस गीत के बोल आज भी हृदय को छू जाते हैं। यह गीत देश भक्ति के गीतों में अग्रणी माना गया । भारत सरकार ने उन्हे राष्ट्र कवि के सम्मान से सम्मानित किया ।

26 जनवरी 1963 को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में लता जी ने प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में यह गीत गाया । नई दिल्ली में आयोजित इस राष्ट्रीय गणतंत्र समारोह में ऐसा कोई नहीं था जिसकी आँख में आँसू न आये हों। प्रदीप ने इस गीत की रॉयल्टी को सैनिकों की विधवा सहायता कोष यनि वॉर विडो फंड में जमा करने की घोषणा की । पर गीत के अधिकार रखने वाली कंपनी एच एम वी ने समय पर पैसा जमा नहीं किया । और मामला कोर्ट में गया । एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 25 अगस्त 2005 को बॉम्बे हाई कोर्ट ने एचएमवी कंपनी को रॉयल्टी के बकाया के रूप में 1 मिलियन रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। देश भक्ति मानों प्रदीप जी के रक्त में थी । 1987 में प्रदीप जी ने कहा था- कोई भी आपको देशभक्त नहीं बना सकता। यह आपके खून में होती है। आप इसे देश की सेवा के लिए कैसे लाते हैं जो आपको अलग बनाता है। सतत शब्द साधना और अपने गीतों से राष्ट्र साधना में रत प्रदीप जी ने अंतत: 11 दिसम्बर 1998 को 83 वर्ष की आयु में इस संसार से विदा ली ।

शत शत नमन ।

## -:: आज का राशिफल ::-

मेष राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी।

वृष राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मजबूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें,

मिथुन राशि: आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेंगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देंगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नए विचारों पर काम करेंगे। ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे। किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन लकी रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सफलता के अच्छे अवसर जल्द ही मिलेंगे। आज सरकारी नौकरी में चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी,

कुंभ राशि: आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें

मीन राशि: आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी।

कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सोमवार को राज्य में मध्यावधि चुनाव की भविष्यवाणी करते हुए दावा किया कि दिल्ली में चुनावी हार के बाद आप विधायक बड़ी संख्या में पार्टी छोड़ देंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य के मंत्रियों और पार्टी विधायकों से मुलाकात करने वाले हैं।

# झूठ एवं लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम का स्पष्ट संकेत : सीएम योगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली प्रतिक्रिया दी। सीएम योगी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम झूठ एवं लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम का स्पष्ट संकेत है।

सीएम योगी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा, सुशासन और लोक कल्याणकारी योजना के कार्य पिछले 11 सालों से निरंतर चल रहे हैं, ये उनकी विजय है। मैं पीएम मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह समेत केंद्रीय नेतृत्व को ढाई दशक के बाद दिल्ली में कमल खिलाने के लिए दिल से अभिनंदन करता हूं। दिल्ली में झूठ और लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम लगा है। अब हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी विकास, सुशासन और लोक कल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ दिल्लीवासियों को प्रदान करने में सफल होगी। पिछले ढाई दशक और 11 सालों से दिल्ली के अंदर ऐसी स्थिति पैदा कर दी गई थी, उसने दिल्ली को बहुत पीछे ढकेल दिया। जनता को बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया। जिस प्रकार से झूठ की राजनीति को प्रश्रय दिया। उसका पर्दाफाश हुआ।

उन्होंने कहा कि यूपी के अंदर अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव ने समाजवादी पार्टी के परिवारवाद और झूठ की राजनीति को पूर्ण विराम देते हुए डबल इंजन सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन के मॉडल को अंगीकार किया है। जनता ने स्पष्ट किया है कि भले ही अपने स्वार्थ के लिए सपा पार्टी झूठ का कितना ही सहारा क्यों ले ले, कितना बड़ा प्रोपगेंडा क्यों न करे, लेकिन जनता उन्हें पूरी तरह से तत्परता से सबक सिखाने के लिए काम कर रही है।

इसके अलावा सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, %%दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की समर्पित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व और उनकी सर्वहितग्राही, लोक-कल्याणकारी और समग्र उत्थान को समर्पित विकासपरक नीतियों पर दिल्लीवासियों के विश्वास की मुहर है। सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं दिल्ली की सुशासन प्रेमी देवतुल्य जनता-जनार्दन का अभिनंदन।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर बधाई दी। सीएम ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यूपी सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट %एक्स% पर लिखा कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित पार्टी पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को हृदयतल से बधाई! यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में %डबल इंजन की भाजपा सरकार% की लोक-कल्याणकारी नीतियों, सेवा, सुरक्षा और सुशासन को समर्पित यूपी सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

सीएम योगी ने विजयी प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को बधाई देते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश की विकास-यात्रा और सुशासन को अपना मत प्रदान करने वाली मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता-जनार्दन का हार्दिक अभिनंदन! जय श्री राम!

**और लड़ो आपस में', दिल्ली चुनाव नतीजों के बीच उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस-आप पर साधा निशाना**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया है। अब तक के डेटा के अनुसार, बीजेपी 40 सीटों पर आगे चल रही है जबकि,क्क सिर्फ 30 सीटों पर बढ़त हासिल कर पाई है वहीं कांग्रेस 0 पर सिमटती हुई नजर आ रही है। इसी बीच जम्मू-कश्मीर के सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट कर कांग्रेस और,क्क पर निशाना साधा है।

)प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

रानेबेन्नूर, हावेरी में राज-राजेश्वरी महाविद्यालय में कर्नाटक वैभव साहित्य और सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे संस्करण के उद्घाटन के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

# भाजपा के लिए जीत का ईक्का साबित हुए ये नेता, 27 साल बाद दिल्ली में फहराया जीत का परचम

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत और आम आदमी पार्टी की हार की कई वजहें हैं। इन वजहों में उन नेताओं का दल बदलना भी शामिल है जिनके कारण आप को नुकसान और भाजपा को फायदा हुआ।?जैसे कि आम आदमी पार्टी में किसी समय नंबर 2 पर रहने वाले कैलाश गहलोत।?कैलाश?गहलोत ने आप छोड़कर भाजपा ज्वाइन की और वह एक सशक्त जाट चेहरा हैं जिसने आप को तगड़ा नुकसान पहुंचाया।?खासतौर पर बाहरी दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में कैलाश की अच्छी पकड़ का भाजपा को लाभ हुआ। दरअसल आतिशी के सीएम बनने से कैलाश गहलोत खुद को पार्टी में अलग-थलग महसूस कर रहे थे इसलिए उन्होंने पार्टी छोड़ना ही मुनासिब समझा।

इसके अलावा कांग्रेस के कद्दावर नेता अरविंदर लवली ने भी भाजपा ज्वाइन कर ली और उन्हें पार्टी ने गांधीनगर सीट से चुनाव लड़वाया और वह जीत भी गए।?

राज कुमार चौहान भी चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़ बीजेपी में आए थे।?चौहान को बीजेपी ने मंगोलपुरी सीट से उम्मीदवार बनाया था?और वह जीत भी गए।?भाजपा की जीत की एक वजह ओडिशा के केंद्रपड़ा सीट से लोकसभा के सांसद बैजयंत पांडा भी रहे।?इन्हें दिल्ली बीजेपी का प्रभारी नियुक्त किया गया था।?हाल ही में बैजयंत पांडा की कुशल रणनीति की वजह से ही ओडिशा में 24 साल से जमी-जमाई नवीन पटनायक की सरकार का अंत हो गया था।?

दिल्ली के पिछले नगर निगम चुनाव में भी बिजयंत पांडा ने ही बीजेपी की इज्जत बचाई थी।?सभी लोग मान रहे थे कि बीजेपी की हालत खराब हो जाएगी, लेकिन पांडा की कुशल रणनीति की वजह से बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को कड़ी टक्कर दी।?अब दिल्ली चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद उनका झंडा एक बार फिर से बीजेपी में बुलंद होने वाला है।?बीजेपी ने हरियाणा जीत के बाद बैजयंत पांडा को दिल्ली विधानसभा का चुनाव प्रभारी और गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को सहप्रभारी बनाया था।

**झूठ और फरेब की राजनीति का अंत हुआ, केजरीवाल की हार पर बोले अनिल विज**

अंबाला (आरएनएस)। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा सत्ता में वापसी करने जा रही है। भाजपा 45 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रही है या जीत चुकी है। वहीं, 10 साल से सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी का तीसरी बार सरकार बनाने का सपना बुरी तरह से टूटा है।

नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भाजपा के प्रवेश वर्मा से चुनाव हारे हैं। केजरीवाल इस सीट पर चौथी बार चुनाव लड़ रहे थे। तीन बार चुनाव जीत चुके केजरीवाल चौथी बार अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं। केजरीवाल के अलावा आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं। जंगपुरा से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी चुनाव हारे हैं।

## कोयला आयात कम करना, घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर मुख्य फोकस : मंत्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि कोयले के आयात को कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। कोयला क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है और देश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। भारत के पास दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है और यह कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। देश की कुल ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत कोयले से पूरा होता है।

देश में लगभग 74 प्रतिशत बिजली उत्पादन ताप विद्युत संयंत्रों (थर्मल पावर प्लांट) पर निर्भर है। इसलिए एक मजबूत और टिकाऊ कोयला क्षेत्र की जरूरत बनी रहती है, यह बात कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि कोयला मंत्रालय इस क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

सरकार के प्रयासों से आयातित कोयले पर निर्भरता कम हुई है। अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच कोयला आयात में 5.35 प्रतिशत की कमी आई, जिससे लगभग 3.91 अरब डॉलर (30,007.26 करोड़ रुपये) की बचत हुई। खासकर, घरेलू बिजली संयंत्रों में उपयोग होने वाले कोयले का आयात 23.56 प्रतिशत घटा है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य लोग मुंबई में एडवांटेज विदर्भ 2025 के दूसरे संस्करण में शामिल हुए.

## जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता : अमित शाह

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। भाजपा कार्यालयों में जश्न शुरू हो चुका है। नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पटखनी दी है। भाजपा ने 45 से ज्यादा सीटों पर अपनी बढ़त बनाई हुई है या जीत चुकी है। इस शानदार प्रदर्शन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली भाजपा को बधाई दी है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, दिल्लीवासियों ने बता दिया कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता। जनता ने अपने वोट से गंदी यमुना, पीने का गंदा पानी, टूटी सड़कें, ओवरफ्लो होते सीवरों और हर गली में खुले शराब के ठेकों का जवाब दिया है। दिल्ली में मिली इस भव्य जीत के लिए अपना दिन-रात एक करने वाले भाजपा दिल्ली के सभी कार्यकर्ताओं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को हार्दिक बधाई देता हूं। चाहे महिलाओं का सम्मान हो, अनधिकृत कॉलोनीवासियों का स्वाभिमान हो या स्वरोजगार की अपार संभावनाएं, मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली अब एक आदर्श राजधानी बनेगी।

## दिल्ली सचिवालय से फाइल और दस्तावेज बाहर नहीं ले जा सकते - एलजी वीके सक्सेना

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों के बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक अहम आदेश दिया। उन्होंने कहा है कि सचिवालय परिसर से किसी भी सरकारी फाइल, दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर या अन्य संवेदनशील सामग्री को बाहर न ले जाया जाए।

उपराज्यपाल के इस आदेश का उद्देश्य सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सामान्य प्रशासन विभाग की अनुमति के बिना सचिवालय परिसर में किसी भी फाइल, दस्तावेज या कंप्यूटर हार्डवेयर की सुरक्षा को लेकर यह कदम उठाया गया है। एलजी के आदेश में यह स्पष्ट है कि कोई भी दस्तावेज, फाइल या कंप्यूटर हार्डवेयर सचिवालय से बाहर नहीं ले जाया जा सकता है।

इससे पहले, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट की ओर से भी इस संबंध में आदेश जारी किया गया था। जीएडी ने आला अधिकारियों को तत्काल दिल्ली सचिवालय पहुंचकर सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट (जीएडी) द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया था कि किसी भी दस्तावेज़, कंप्यूटर हार्डवेयर या अन्य सरकारी सामग्री को बिना अनुमति के दिल्ली सचिवालय परिसर से बाहर नहीं ले जाया जाए। यह निर्देश सभी संबंधित शाखाओं और विभागों के अधिकारियों को जारी किया गया है, ताकि सचिवालय के तहत सुरक्षित तरीके से रिकॉर्ड, फाइल, दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक फाइल्स की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

यह आदेश दिल्ली सचिवालय के साथ-साथ मंत्रियों के सचिवालय कार्यालयों और कैंप कार्यालयों पर भी लागू होगा।

## दिल्ली चुनाव में हार के बाद केजरीवाल का बयान आया सामने, कही ये बड़ी बात

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम आम आदमी पार्टी के लिए जोर का झटका है। हैट्रिक की कोशिश में पार्टी को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। वहीं, भाजपा ने 28 साल बाद बड़ी जीत हासिल की है। हार के बाद आप सुप्रीमो केजरीवाल का वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपनी हार स्वीकार की है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि हम लोगों के जनादेश को बड़ी विनम्रता से स्वीकार करते हैं। मैं भाजपा को इस जीत के लिए बधाई देता हूं। केजरीवाल ने आगे कहा कि उम्मीद करता हूं कि वे उन सभी वादों को पूरा करेंगे जिनके लिए लोगों ने उन्हें वोट दिया है। बता दें कि दिल्ली की 13 हॉट सीट्स ऐसी थीं जिन पर सबकी निगाहें टिकी थीं। इनमें से ज्यादातर पर आप मुंह के बल गिरी है। जनता ने उन तीन दिग्गजों को भी खारिज किया जो आप का बड़ा चेहरा माने जाते रहे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में 2022 और 2023 बैच के भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) परिवीक्षार्थियों के साथ बातचीत की.

भाजपा के दिल्ली प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं और समर्थकों ने जश्न मनाया।

## वेव्स सलाहकार बोर्ड में शामिल हुए अनिल, अनुपम और चिरंजीवी, जताया पीएम मोदी का आभार

मुंबई (आरएनएस) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए वेव्स सलाहकार बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। बोर्ड में कई हस्तियां शामिल हुईं। अनिल कपूर, अनुपम खेर, चिरंजीवी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर पीएम मोदी का आभार जताया।

अभिनेता अनिल कपूर ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, वेव्स के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और इस अविश्वसनीय पहल में योगदान करने का अवसर मिलना सम्मान की बात है। हमने साथी सदस्यों के साथ चर्चा की और हम भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

अभिनेता अनुपम खेर ने वेव्स को 'अद्भुत पहल' बताते हुए एक्स हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कि उन्होंने मुझे वेव्स के सलाहकार बोर्ड में शामिल होने का शानदार अवसर दिया। यह एक अद्भुत पहल है। यह निश्चित रूप से भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाएगा। आपके विचारों को सुनना और बोर्ड के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों की भागीदारी एक स्पष्ट संकेत है कि भारत कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मनोरंजन और सांस्कृतिक क्षेत्र का दावोस बन जाएगा! अभिनेता चिरंजीवी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। वेव्स (विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और अन्य सम्मानित सदस्यों के साथ अपनी राय शेयर करना वास्तव में सौभाग्य की बात थी। मुझे कोई संदेह नहीं है कि मोदी जी का वेव्स को लेकर विचार भारत की 'सॉफ्ट पावर' को दुनिया में ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सभी उत्साह और बहुत जल्द नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार रहें! प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को दुनिया में वैश्विक मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक व्यापक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने कई हस्तियों के साथ वर्चुअल बातचीत की, जो वेव्स शिखर सम्मेलन के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वेव्स एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है जो मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाता है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा था, मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक व्यापक बैठक संपन्न हुई।



बॉलीवुड में कुछ ऐसी फिल्में जिनका खुमार ऑडियंस के दिलों में बैठ गया है, इन्हीं में से एक %सनम तेरी कसम% फिल्म, जो हाल ही में फिर से दर्शकों के लिए थिएटर्स में रिलीज किया गया है। स्टारर हर्षवर्द्धन राणे और मावरा होकेन की सनम तेरी कसम ने भारी मांग के कारण सिनेमाघरों में शानदार वापसी की है। नौ साल पहले, कुछ लोगों ने भविष्यवाणी की होगी कि यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म प्रेमियो के बीच पंथ का दर्जा हासिल करेगा। अपनी पहली हिंदी फिल्म में हर्षवर्द्धन राणे और पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन की यह फिल्म अपने पुनः रिलीज में प्रभावशाली भीड़ खींच रही है

## लकी हूं कि सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला : कृष्णा पाटिल

फिल्म 'फतेह' से करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री कृष्णा प्रकाश पाटिल ने अभिनेता सोनू सूद के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की। उनका मानना है कि कहानी कहने के प्रति सोनू सूद का समर्पण प्रेरणादायक है।

कृष्णा पाटिल खुद को लकी मानती हैं क्योंकि उन्हें न केवल अपनी पहली फिल्म में सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला, बल्कि सूद ने उन्हें गाइड भी किया।

उन्होंने कहा, सोनू सर के साथ काम करने का मेरा अनुभव बढ़िया रहा। वह एक प्रतिभाशाली अभिनेता और निर्देशक हैं, जिनके काम में जुनून के साथ ऊर्जा भी है।

उन्होंने कहा, मैं वास्तव में सह-कलाकारों से सर्वश्रेष्ठ अभिनय करवा सकने की उनकी क्षमता की प्रशंसा करती हूं। इसके अलावा, उन्होंने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने में मदद की और कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायक है। मैं उनके साथ काम करके खुद को लकी मानती हूं। कृष्णा पाटिल विज्ञान में स्नातक करने के बाद एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आई थीं। उन्हें अपनी पहली फिल्म के लिए प्रोडक्शन कंपनी से सीधा फोन कॉल आया था। उन्होंने बताया, मैंने पहले सोनू सूद के साथ कुछ विज्ञापनों में काम किया था और उनकी प्रोडक्शन टीम ने मुझे फतेह के ऑडिशन के लिए संपर्क किया। मैं चुनी गई और इस तरह मुझे पहला रोल मिला। अपने बड़े ब्रेक से पहले कृष्णा पाटिल एक मॉडल के रूप में काम कर रही थीं। उन्होंने टीवी, विज्ञापनों, प्रिंट कैंपेन और म्यूजिक वीडियो में काम किया। उनका पहला टेलीविजन विज्ञापन अभिनेता बोमन ईरानी के साथ था।

कृष्णा पंजाबी सिंगर और अभिनेता जस्सी गिल के साथ उनके म्यूजिक वीडियो 'नखरे' में भी काम कर चुकी हैं।

'फतेह' की बात करें तो इस फिल्म को शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज ने तैयार किया है। सह-निर्माता अजय धामा हैं। फिल्म का निर्देशन करने के साथ ही मुख्य भूमिका भी सोनू सूद ने निभाई है।

सोनू सूद के साथ फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और दिव्येंदु भट्टाचार्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

**बॉक्स ऑफिस पर शाहिद कपूर की देवा की हालत पस्त, छठे दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये**

रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी फिल्म देवा को 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में उनकी अदाकारी की तारीफ हो रही है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल बेहाल है।

यह पहले दिन से ही दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई।

अब देवा की कमाई के छठे दिन के भी आंकड़े सामने आ गए हैं। आइअ बताते हैं फिल्म ने बुधवार को कितने करोड़ कमाए।

### विश्वक सेन और आकांक्षा शर्मा की फिल्म लैला का ट्रेलर रिलीज

विश्वक सेन की आने वाली फिल्म लैला फिल्म प्रेमियों के बीच जबरदस्त दिलचस्पी पैदा कर रही है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में विश्वक सेन को सोनू मॉडल की भूमिका में दिखाया गया है और वह मुसीबत में पड़ जाता है क्योंकि उसकी हरकतें एक विधायक की जान को खतरे में डाल देती हैं। पुलिस और विधायक के गुर्गे उसे पकड़ने की कोशिश करते हैं और इस प्रक्रिया में वह महिला लैला बनने और खुद को छिपाने का कठोर निर्णय लेता है। इससे दिलचस्प और ट्विस्ट और टर्न सामने आते हैं और मस्ती और एक्शन तत्व सभी को उत्साहित करते हैं। विश्वक सेन और आकांक्षा शर्मा के बीच रोमांटिक तत्व विशेष आकर्षण बन जाते हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में आकांक्षा शर्मा हैं और इसका निर्देशन राम नारायण ने किया है।

## रिवीलिंग साड़ी पहन साक्षी मलिक ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने इंटरनेट का परा किया गर्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। भले ही एक्ट्रेस इन दिनों किसी भी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपने लुक्स से फैंस को अपना दीवाना बनाती रहती हैं।

एक्ट्रेस साक्षी मलिक सोशल मीडिया सेंसेशन हैं और वो आए दिन अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर स अपने होश खो बैठे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

खुले बाल, लाइट मेकअप और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये स्टनिंग अवतार इंटरनेट पर आते ही छा गया है।

साक्षी मलिक की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक कई यूजर्स ने लाइक्स और कॉमेंट्स कर दिए हैं। एक यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- ग्लैमरस।

बता दें कि साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 7 70 लाख से भी ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स का शानदार प्रदर्शन जारी, 13वें दिन का कारोबार जान लीजिए

साल 2024 में अक्षय कुमार की 'बड़े मियां छोटे मियां' से लेकर 'सिरफिरा' और 'खेल खेल में' जैसी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी. वहीं साल 2025 के पहले महीने में यानी 24 जनवरी, 2025 को खिलाड़ी कुमार की देशभक्ति से भरी फिल्म 'स्काई फोर्स' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी. अक्षय की पिछली फिल्मों के मुकाबले 'स्काई फोर्स' की दमदार शुरुआत हुई और इसने पहले हफ्ते में भी अच्छी कमाई की. हालांकि एक्शन ड्रामा के कलेक्शन में दूसरे हफ्ते में काफी गिरावट देखी जा रही है. चलिए यहां जानते हैं 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है? गणतंत्र दिवस 2025 रिलीज़ 'स्काई फोर्स' में अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया, सारा अली खान और निमरत कौर ने अहम रोल प्ले किया है. इस एक्शन ड्रामा को ऑन-ग्राउंड काफी पसंद किया गया है और इसी के साथ इसने अच्छी खासी कमाई भी कर ली है. इसी के साथ एक अर्से बाद अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई है. वहीं 'स्काई फोर्स' को बॉक्स ऑफिस पर शाहिद कपूर की देवा से भी टक्कर मिल रही है लेकिन अक्षय कुमार स्टारर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है इन सबके बीच मेकर्स ने 'स्काई फोर्स' की कमाई के आंकड़े शेयर किए हैं जिनके मुताबिक अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ने 15.3 करोड़ से शुरुआत की थी. फिर 'स्काई फोर्स' ने पहले हफ्ते में 99.7 करोड़ रुपये का कारोबार किया. 8वें दिन फिल्म की कमाई 4.6 करोड़ रुपये हुई. 9वें दिन फिल्म ने 7.4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. 10वे दिन फिल्म का कारोबार 7.8 करोड़ रुपये रहा. इसी के साथ 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के 10 दिनों में भारत में 119.5 करोड़ का नेट कलेक्शन किया और 141 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं सैकनिल्क के मुताबिक 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के 11वें दिन 1.6 करोड़ की कमाई की थी 12वें दिन फिल्म ने 1.35 करोड़ की कमाई की है. अब फिल्म की रिलीज के 13वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

## जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का खौफनाक ट्रेलर रिलीज, 2 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, फ्रेंचाइजी की सातवीं फिल्म जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. इस फ्रेंचाइजी की यह फिल्म 3 साल के लंबे इंतजार बाद आ रही है. ट्रेलर एक्शन से भरपूर और धमाकेदार है जिसे देखने के बाद फिल्म के लिए और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ जाती है. ट्रेलर के साथ ही फिल्म के मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का एलान भी कर दिया है.

जुरासिक वर्ल्ड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि जंगल में हर तरफ खतरा मंडरा रहा है वहीं डायनासोर का धरती से अंत होने वाला है. लोगों के पास यह आखिरी मौका है जिसमें वे डायनासोर का डीएनए ले सकते हैं. ट्रेलर की शुरुआत में स्कारलेट जोहानसन को मिशन सौंपा जाता है जिसमें उन्हें जिंदा डायनासोर के डीएनए लेने का काम दिया जाता है. उनके इस मिशन में डॉ. हेनरी लूमिस, डंकन किनकैड भी साथ देते हैं. ये एक ऐसा मिशन होगा जिसमें इस पाए गए डीएनए से इंसानी जीवन को बचाया जा सकता है. इसी बीच फिल्म में डायनासोर और इंसानों के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा और डायनासोर की दहाड़ सुनने को मिलेगी. बता दें फिल्म 2 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

दिलचस्प बात ये है कि जुरासिक वर्ल्ड फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 31 साल पहले रिलीज हुई थी. जुरासिक पार्क साल 1993 में रिलीज हुई थी और दुनियाभर के दर्शकों ने इसे खूब पसंद किया था. जिसके बाद द लास्ट वर्ल्ड: जुरासिक पार्क (1997), जुरासिक पार्क 3 (2001), जुरासिक वर्ल्ड (2015), जुरासिक वर्ल्ड: फॉलन किंगडम (2018), जुरासिक वर्ल्ड डोमिनियन (2022) में रिलीज हुई थी. अब इसका 7वां पार्ट जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 2025 में रिलीज होने वाली है.

फिल्म में मोसासौर, वेलोसिरैप्टर, स्पेनोसॉरस जैसी डायनासोर की प्रजातियां देखने को मिलेंगी. फिल्म उस वक्त पर बेस्ड होगी जब धरती का वातावरण डायनासोर के लिए अनसूटेबल हो गया था. तब सिर्फ कुछ ही इलाकों में डायनासोर पाए जाते थे. इस फिल्म को गैरेथ एडवर्ड्स ने किया है और फिल्म में स्कारलेट जोहानसन, जोनाथन बेली, रूपर्ट फ्रेंड, महेरशला अली, मैनुअल गार्सिया-रुल्फो, लूना ब्लाइस, एड स्क्रेन, डेविड इआकोनों जैसे कलाकार नजर आएंगे.

### विक्की कौशल की छावा का नया गाना आया रे तूफान जारी, एआर रहमान ने लगाए सुर

काफी समय से दर्शक विक्की कौशल की फिल्म छावा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज को अब सिर्फ चंद दिन बाकी हैं।

यह इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। छावा को 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। अब इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा गाना आया रे तूफान जारी कर दिया है,

जिसे एआर रहमान ने वैशाली सामंत के साथ गाया है। इरशाद कामिल ने इसके बोल लिखे हैं। यह फिल्म एक पीरियड ड्रामा है, जिसमें छत्रपति संभाजी महाराज की पौराणिक कहानी को दर्शाया गया है, जिसका किरदार विक्की कौशल ने निभाया है। यह साहसी मराठा शासक के शानदार शासनकाल को दर्शाने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 1681 में उनके राज्याभिषेक से होती है।

## क्या कैन वाले पेय पीना सेहत के लिए हानिकारक होते हैं?

आजकल बाजार में कई तरह के पेय पदार्थ कैन में उपलब्ध हैं। लोग इन्हें आसानी से खरीदकर पीते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इन कैन का आपकी सेहत पर क्या असर पड़ सकता है?

कैन वाले पेय पीने के कुछ संभावित नुकसान हो सकते हैं, जिनके बारे में जानना जरूरी है।

इस लेख में हम इन्हीं नुकसानों के बारे में चर्चा करेंगे और आपको बताएंगे कि किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि सेहत सुरक्षित रहे।

एल्यूमिनियम की समस्या

कैन आमतौर पर एल्यूमिनियम से बने होते हैं।

जब आप इनसे पेय पदार्थ पीते हैं तो थोड़ी मात्रा में एल्यूमिनियम आपके शरीर में जा सकती है। यह धातु आपके मस्तिष्क और हड्डियों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

हालांकि, एक बार या कभी-कभी सेवन करने पर इसका असर कम होता है, लेकिन नियमित रूप से ऐसा करना आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

इसलिए कोशिश करें कि आप ताजे फलों का रस या अन्य प्राकृतिक विकल्प चुनें।

बिस्फेनॉल ए (बीपीए) की उपस्थिति

कैन के अंदर एक पतली प्लास्टिक की कोटिंग होती है, जिसमें बिस्फेनॉल ए (बीपीए) नामक रसायन होता है।

यह रसायन हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकता है और लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने पर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।

बीपीए को लेकर कई शोध हुए हैं जो बताते हैं कि यह कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप कांच या स्टील की बोतलों का उपयोग करें।

स्वाद और पोषण की कमी

कैन वाले पेय पदार्थों में अक्सर कृत्रिम स्वाद और रंग मिलाए जाते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे नहीं होते।

इनमें पोषक तत्वों की भी कमी होती है क्योंकि ये प्रसंस्कृत होते हैं और इनमें शक्कर समेत अन्य आर्टिफिशियल तत्व मिलाए जाते हैं।

ऐसे पेय पदार्थ न केवल वजन बढ़ाते हैं बल्कि मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ाते हैं।

ताजे फलों का रस या नारियल पानी जैसे प्राकृतिक विकल्प चुनना हमेशा बेहतर होता है।

पर्यावरणीय प्रभाव

एल्यूमिनियम कैन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं क्योंकि इन्हें बनाने और रिसाइकिल करने में बहुत ऊर्जा लगती है।

अगर इन्हें सही तरीके से नहीं फेंका जाता है तो ये प्रदूषण का कारण बन सकते हैं।

प्लास्टिक कचरे की तरह ये भी हमारे पर्यावरण को हानि पहुंचा सकते हैं। इसलिए हमें इनके उपयोग को कम करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि हम पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें।

## रोजमर्रा की आदतें आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा रही हैं, जानें कैसे रखें ध्यान

हमारी रोजमर्रा की आदतें हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती हैं। कई बार हम अनजाने में ऐसी आदतों को अपना लेते हैं, जो हमारी सेहत के लिए हानिकारक हो सकती हैं। इस लेख में हम पांच ऐसी आम आदतों के बारे में बताएंगे, जो धीरे-धीरे हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इनसे बचने के उपाय भी जानेंगे ताकि आप स्वस्थ जीवन जी सकें। ज्यादा देर तक बैठना है खतरनाक

आजकल अधिकतर लोग ऑफिस या घर पर लंबे समय तक बैठे रहते हैं, खासकर कंप्यूटर के सामने। यह आदत आपके शरीर के लिए हानिकारक हो सकती है क्योंकि इससे पीठ दर्द और मोटापा बढ़ सकता है। कोशिश करें कि हर घंटे कुछ मिनट खड़े होकर चलें या स्ट्रेचिंग करें। इससे मांसपेशियों को आराम मिलेगा और रक्त संचार बेहतर होगा। अगर आपका काम लंबे समय तक बैठने का है तो एर्गोनोमिक कुर्सी का उपयोग करें और अपनी मुद्रा सही रखें।

पर्याप्त नींद न लेना

नींद हमारे शरीर और दिमाग के लिए जरूरी है।

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग नींद को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे थकान और तनाव हो सकता है।

हर दिन 7-8 घंटे की नींद लेने का प्रयास करें ताकि शरीर और दिमाग तरोताजा महसूस कर सके।

सोने से पहले मोबाइल या लैपटॉप का उपयोग न करें क्योंकि इनकी रोशनी नींद में बाधा डाल सकती है।

एक नियमित सोने का समय तय करें और उसे पालन करें।

पानी पीने में लापरवाही

पानी हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन कई लोग इसे पर्याप्त मात्रा में नहीं पीते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है।

दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और त्वचा भी निखरी लगे।

अगर सादा पानी पसंद नहीं आता है तो उसमें थोड़ा नींबू या पुदीना डाल सकते हैं। हमेशा अपने पास एक पानी की बोतल रखें ताकि आपको याद रहें कि आपको पानी पीना है।

## शब्द सामर्थ्य -320

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निश्वास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 319 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना घमापुर में विशाल राजपूत उम्र 19 वर्ष निवासी सुभाषनगर भड़पुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज शाम लगभग 4-30 बजे वह सुभाषनगर भड़पुरा से गोपाल होटल आ रहा था जैसे की काली मंदिर गोपाल होटल के पास पहुॅचा वहां अंकित शुक्ला, बबला वंशकार, लक्की शिंदे आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे कुछ देर बाद समीर प्रजापति, यश महरोलिया भी आ गये और हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे मारपीट से उसको मुंह नाक दोनों हाथ पैर में चोटें आ गयीं

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के बच्चों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से किया सम्बोधित**

# प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शहर के विद्यालयों में सम्मिलित हुए भाजपा नेता

**मॉडल हाई स्कूल में सम्मिलित हुए भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शहर के सभी प्रमुख विद्यालयों में भाजपा के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिसमें मॉडल हाई स्कूल में भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रति वर्ष बच्चों की परीक्षा से पूर्व चर्चा करते हैं एवं अनुभव साझा करते हुए उनके मन के भ्रम एवं भय को दूर करने का उचित प्रयास करते हैं वैसे तो प्रधानमंत्री श्री मोदी जी सभी वर्ग, समाज की चिंता करते हैं उस पर भी बच्चों से परीक्षा पर चर्चा इस बात का प्रतीक है प्रधानमंत्री देश के आने वाले भविष्य की ओर भी पूरा ध्यान रखते हैं ये बच्चे ही हमारे भारत देश का भविष्य है परीक्षा के समय बच्चे तनावमुक्त होकर परीक्षा में भाग लें यहीं प्रधानमंत्री जी का उद्देश्य है।

श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि आज जबलपुर में सभी प्रमुख विद्यालयों में भाजपा के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए एवं हम सबने देखा कि प्रधानमंत्री का सभी विषयों को स्पर्श करना यह तय करता है कि भारत के नवनिर्माण हेतु प्रत्येक पहलू की ओर उनका ध्यान है। प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों में प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, पूर्व मंत्री शरद जैन, संदीप जैन, महामंत्री रजनीश यादव, पंकज दुबे, संतोष यादव, गुड्डा केवट, प्रणय गुप्ता, बलराज सोनकर, सीतारमण दुबे गुल्लू, दामोदर सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

देश के बच्चें तनाव रहित पढ़ाई करें एवं किसी भी प्रकार की कोई टेंशन न ले., अगर सफलता एक बार न मिले तो पुन: प्रयास करें. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पूरे जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायरसेकंडरी स्कूलों मे एक साथ आयोजित हुआ, इस कार्यक्रम मे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मान नरेंद्र मोदी जी के द्वारा एक साथ द्यद्ब1द्र सम्बोधित किया गया. शास मॉडल स्कूल जबलपुर मे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर जी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मा शि मं के उपाध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव जी, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन जी, श्री सोनू बचवानी प्रदेश सह संयोजक मुख्यमंत्री जनकल्याण, श्री रंजीत पटेल, नगर मंत्री, भाजपा थे। कार्यक्रम का द्यद्ब1द्र प्रसारण हुआ, जिसमे हजारों बच्चों मे अपनी सहभागिता की। माननीय प्रधानमंत्री महोदय से बच्चों ने प्रश्न पूछे जिस पर प्रधानमंत्री महोदय के द्वारा सभी को बड़े ही रोचक ढंग से मार्गदर्शन दिया गया. कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

## मा.अ. आयोग ने जनहित के मामलों में संज्ञान लेकर मांगा प्रतिवेदन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मप्र मानव अधिकार आयोग ने जनहित के मामलों में संज्ञान लेकर संबंधितो को जांच का निर्देश देकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तलब किया है। क्षेत्रिय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में मामलो की सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन की युगलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला माना।

**दस्ताने न होने के कारण चार बार टाला मरीज का ऑपरेशन**

मेडिकल अस्पताल के वार्ड क्रं 27 में दोनों पैरों से फ्रैक्चर हुये एक युवक को इलाज के लिये भर्ती कराया गया, जहां मरीज का ग्लव्स (दस्ताने) के बिना ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है, जबकि अस्पताल द्वारा मरीज को चार बार तारीख दी जा चुकी है। आयोग ने जबलपुर के एनएससीबी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्?ताह में मांगा है।

**अपराधियों का अड्डा बना उद्यान**

गढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायण नगर उद्यान में अज्ञात बदमाशों द्वारा उद्यान में घूमने आने वाले आम लोगों के साथ चाकूबाजी करने और अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। उद्यान में आपराधिक तत्वों का आंतक बढ़ता जा रहा है, इस कारण उद्यान में सुबह-शाम के समय टहलने आने वाले बुजुर्गों, बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। बदमाशों द्वारा आये दिन लोगों के साथ अड़ीबाजी एवं चाकूबाजी की जा रही है, जिसके चलते वहां आने वाले लोग डर एवं भय के साये में ठहलता पड़ रहा है। आयोग ने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**वाशिंग सेंटर बन गई सड़कें**

शहर की अधिकांश सड़कों पर वॉशिंग सेंटरों के मैकेनिक द्वारा मनमानी तरीके से सड़कों पर दो एवं चार पहिया वाहन धोने का मामला सामने आया है। सड़कों से निकलने वाले वाहन चालकों पर वाशिंग सेंटर का पानी जाता है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं दर्जनों राहगीर पानी की वजह से गीले हो जाते है। शहरों में संचालित होने वाले सर्विस सेंटर एवं वॉशिंग प्वॉइंट जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा न ही ध्यान दिया जा रहा है, और न ही कोई कार्यवाही की जा रही है। आयोग ने जबलपुर के नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर, घरेलु उपयोग के लिये उपलब्ध जल के दुरुपयोग के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्र को हॉस्टल में नहीं मिल रहा कमरा, कलेक्ट्रेट में चार महीनों से काट रहे चक्कर शहर में रहकर पढ़ाई कर रहे दो दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्र को सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित राज्य नि शक्त जन कल्याण संस्थान छात्रावास में कमरे उपलब्ध नहीं किये जाने का मामला सामने आया है। दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्रों ने छात्रावास में कमरे उपलब्ध कराने का आवेदन दिया था, लेकिन अब तक उन्हें कमरे उपलब्ध नहीं हो पाये है। इस संबंध में दोनों दिव्यांग छात्र विगत चार महीनों से चक्कर काट रहे है। जिससे उन्हें कॉलेज जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आयोग ने जबलपुर के कलेक?टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## पनागर ग्राम खिरिया सिमरा में प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर बैठक संपन्न

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखंड पनागर, जबलपुर सेक्टर क्र. 4 बरौदा नवांकुर संस्था अध्यक्ष अजय पटेल के द्वारा जिला समन्वयक श्री प्रदीप तिवारी जी, विकास खंड समन्वयक श्री भारत महरौलिया जी के मार्गदर्शन मे आज स्थान ग्राम खिरिया सिमरा में ग्राम बंघोड़ा, टिंकू मोहनिया, सिमरा, ग्राम खिरिया, ग्राम बरौदा , ग्राम नगना, ग्राम मोहास इन सात समितियों की संयुक्त रूप से सेक्टर बैठक रखी गई। बैठक में आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को जागरूक करना,ग्राम के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना और जैविक खेती के लाभों को ग्रामीणजनों को विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को खेती में सुधार के लिए प्रेरित किया गया। और ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य,जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई।जैविक खेती के फायदे पर किसानों से चर्चा हुई।ऑर्गेनिक खेती से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है और खेती की लागत भी कम होती है। कार्यक्रम में किसानों को खेती के पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।जिससे जैविक खेती से कृषि में सुधार होगा। बैठक के बाद सभी समिति सदस्यों और ग्रामजनों की उपस्थिति में शराब, गुटखा , धूम्रपान ,अन्य नशा न करने की शपथ भी दिलाई एवं ग्राम मे रैली निकाल कर नशा न करने के लिए ग्राम वासियों को जागरुक करने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अध्यक्ष अजय पटेल,मेंटर शुभम् पटेल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष शुभम् पटेल, दीपक पटेल मदन पटेल, रिंकू रजक, शेरा गोटियां,सचिव धर्मेंद्र पटेल, रेवाराम पटेल,उमाशंकर ठाकुर एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मजयंती पर माल्यार्पण आज

**दीनदयाल चौक स्थित प्रतिमा पर होगा माल्यार्पण**

जबलपुर । भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा कल दिनांक 11 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे दीनदयाल चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा सभी 967 बूथों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, साथ ही पं दीनदयाल जी की दीनदयाल चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया जाएगा और सभी 18 मंडलों में आजीवन सहयोग निधि का समर्पण किया जाएगा। समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने की है ।

**केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ.मनसुख मंडाविया से भेंट कर सांसद आशीष दुबे ने किया आग्रह,पत्र भी सौंपा**

## जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण हो-सांसद आशीष दुबे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने केन्द्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया से जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण का आग्रह किया है।श्री दुबे ने नई दिल्ली में डॉ. मांडविया से भेंट कर इस आशय का पत्र भी सौंपा। पत्र में सांसद श्री आशीष दुबे ने विभिन्न तथ्यों को उल्लेखित करते हुए केन्द्रीय खेल मंत्री श्री मंडाविया को बताया कि जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण क्यों आवश्यक है।

सांसद श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री डॉ.मंडाविया को सौंपे गए पत्र में कहा कि जबलपुर मध्यप्रदेश का प्रमुख नगर है जहां अनेक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय स्थापित हैं। ट्रिपल आईटी डीएम भी यहां स्थापित है और शिक्षा का प्रमुख केन्द्र होने के साथ-साथ रक्षा विभाग का भी प्रमुख केंद्र है। जबलपुर में रक्षा विभाग के विभिन्न संस्थान भी स्थापित हैं।सांसद श्री दुबे ने केन्द्रीय खेल मंत्री को बताया कि विभिन्न खेलों के लिए जबलपुर में बहुत अनुकूल वातावरण है और अनेक राष्ट्रीय और अंर्तराष्ट्रीय खिलाड़ी जबलपुर से निकलकर विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुके हैं। यहां के युवाओं का खेलों के प्रति रुझान और आकर्षण ज्यादा होने के बावजूद जबलपुर में खेलों केसंसाधन सीमित हैं जिस कारण खिलाडियों की प्रतिभा को वह राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय पहचान नहीं मिल पाती जो मिलना चाहिए।

सांसद श्री आशीष दुबे ने केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ.मनसुख मंडाविया से कहा कि इन विभिन्न तथ्यों के तारतम्य में जबलपुर में एक अंर्तराष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण की महती आवश्यकता है जिसके निर्माण से महाकौशल सहित मध्य भारत के अनेक जिलों को लाभ मिलेगा।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर में अंर्तराष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण और संचालन से नगर में रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ-साथ पर्यटन में भी वृद्धि होगी जिससे स्थानीय व्यवसाईयों को लाभ मिलेगा वहीं नगर की व्यापारिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ेगा।उन्होंने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण से नगर में खेलों को बढ़ावा मिलेगा जिससे युवाओं की खेलों में रुचि भी बढ़ेगी और उन्हें प्रोत्साहन भी मिलेगा।सांसद श्री दुबे ने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण से नगर में बड़ी सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है, जिससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा साथ ही जबलपुर की आधुनिक और विकसित शहर के रूप में नई पहचान बनेगी।उन्होंने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण से नगर की सड़कें, पार्किंग सहित बुनियादी ढांचे पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा वहीं नगर विकास को भी गति मिलेगी जिससे जबलपुर को और विकसित और समृद्ध बनाया जा सकेगा।

## डीएनएलयू जबलपुर की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि संकाय और छात्र प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीओ जेंडर कांग्रेस 2025 के लिए आमंत्रित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ;डीएनएलयूद्ध के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि संकाय सदस्यों में से एकए श्री उत्कर्ष केण् मिश्राए विधि के सहायक प्रोफेसर और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश विधि अध्ययन केंद्र ;सीआईटीआईएलद्ध के निदेशक और धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयए जबलपुर के चार स्नातक छात्रों की उनकी कुशल टीमए श्री सौरव तिवारीए सुश्री नेहल यादवए सुश्री पूर्वा वत्सए श्री वासुजीत दुबेए बीएएए एलएलएम्बीण् ;ऑनर्सद्ध के छात्रों को विश्व व्यापार संगठन ;डब्ल्यूटीओद्ध द्वारा जूनए 2025 में जिनेवा में प्रतिष्ठित विश्व व्यापार संगठन के समक्ष अपने व्यक्तिगत शोध कार्य प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। छात्रों की भागीदारी डब्ल्यूटीओ द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित आधार पर सुनिश्चित की गई है। यह आमंत्रण अगस्त 2024 में ष्अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में लैंगिक आयामष् पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद आया हैए जिसका नेतृत्व प्रोण् डॉ मनोज केण् सिन्हा ;कुलपतिद्धए डॉण् प्रवीण त्रिपाठी ;रजिस्ट्रारद्धए प्रोण् ;डॉण्द्ध शैलेश एनण् हदली ;विधि के प्रोफेसरद्ध अवं आयोजन श्री उत्कर्ष केण् मिश्रा द्वारा किया था। यह सम्मेलन डब्ल्यूटीओ की व्यापार और लैंगिक इकाई तथा भारतीय विदेश व्यापार संस्थानए नई दिल्ली के व्यापार और निवेश विधि केंद्र के सहयोग से डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में डब्ल्यूटीओ के वरिष्ठ नामित अधिकारी अनुश डेर बोघोसियन शामिल हुए। 24 से 27 जून 2025 तक निर्धारितए डब्ल्यूटीओ लैंगिक पर विश्व व्यापार कांग्रेस के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा हैए जिसका शीर्षक ष्लैंगिक समानता और नवाचारए सतत व्यापार की कुंजीष् होगाए जो डब्ल्यूटीओ के मुख्यालयए जिनेवाए स्विट्जरलैंड में आयोजित किया जाएगा। व्यापार और लिंग पर यह डब्ल्यूटीओ द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय शोध सम्मेलन यूएन वीमेन के साथ.साथ डब्ल्यूटीओ लिंग अनुसंधान हब के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है। उच्च.स्तरीय सत्रोंए नेटवर्किंग कार्यक्रमों और तकनीकी चर्चाओं के मिश्रण मेंए कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य अनुसंधान और डेटा पर आधारित लिंग.उत्तरदायी व्यापार नीतियों के निर्माण का समर्थन करना हैए अवं इस बात पर शोध को आगे बढ़ाना और गहरा करना है कि महिला सशक्तिकरण किस तरह नवाचार को बढ़ावा दे सकता है और व्यापार इस बदलाव का वाहक कैसे हो सकता है।

**इंडियाज गॉट लेटेंट शो के आपत्तिजनक कंटेंट एवं समाज पर इसके नकारात्मक प्रभाव को लेकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय मानव अधिकार कमीशन में की शिकायत, नोटिस हुआ जारी**

## सभ्य समाज में नकारात्मक और फूहड़ तत्वों को मर्यादा में रहना ही होगा- योगेंद्र सिंह

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू ट्यूब पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम इंडियाज गॉट लेटेंट को लेकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय मानव अधिकार कमीशन को पत्र के माध्यम से इस शो के माध्यम से भारतीय समाज में फैलाए जा रहे अापत्तिजनक कंटेंट,नग्नता,फूहड़ता और समाज विरोधी गतिविधियों के लगाता प्रचार करने को लेकर प्रमाण के सहित अपनी शिकायत दर्ज करवाई है जिसको संज्ञान में लेते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने शो के निर्माता एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म को नोटिस जारी करते हुए इसे हटाने और अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने ऐसे किसी भी प्रकार के कृत्य का आगे भी विरोध करने एवं उनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात भी कही है।

**अकाल मृत्यु**

जबलपुर- थाना शहपुरा में रेवा सुगर मिल के पास पाटन रोड़ में एक्सीडेण्ट होने से एक महिला की मृत्यु होने की सूचना पर पहुॅची पुलिस को दीपक शुक्ला उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सिंगौरी थाना पाटन ने बताया कि वह खेती किसानी करता है आज सुबह वह अपने घर से अपनी

### गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड ने तीसरी तिमाही के मजबूत नतीजों की घोषणा की, शुद्ध लाभ 4,500प्रति.बढ़ा

वडोदरा (आरएनएस) बीएसई लिस्टेड, गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड (बीएसई: 524238) देश में कृषि उत्पादों के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 4500त्न की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। कंपनी थोक सब्जियों और फलों का व्यापार करने में माहिर है। यह सीधे किसानों से ताजा उपज प्राप्त करती है और गुणवत्ता, ताजगी और दोषरहित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करते हुए इसे दुकानदारों तक पहुंचाती है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) का दिसंबर-2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 21.16 लाख रुपए था, जो गत वर्ष की हुए शुद्ध लाभ 0.46 लाख की तुलना में 45 गुना ज्यादा अधिक रहा। इसके अलावा, दिसंबर-2024 तिमाही में कंपनी की आय 315.23 लाख रुपए थी, जो गत वर्ष इसी समयावधि में 21.59 लाख दर्ज की गई थी, यह कंपनी की 1,360त्न तक की वृद्धि दर्शाता है। दिसंबर-2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, गुजरात इंजेक्ट (केरल) की आवक 1,480.86 लाख रुपए दर्ज की गई है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 36.96 लाख रुपए थी। यानी यह 3,906त्न की वृद्धि दर्शाता है। साथ ही, नौ महीने की अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 94.40 लाख रुपए था, जो पिछले वर्ष इसी समयावधि में 4.48 लाख रुपए से 2,007त्न अधिक है।

### 25 फरवरी के पूर्व निगम के पेंशनर्स फॉर्म-12 ''सी'' कार्यालय में करें जमा

जबलपुर। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार निगम के पेंशनर्स जो आयकर श्रेणी में आते हैं वो पेंशन शाखा कमरा नं. 43 से वार्षिक पेंशन आय स्टेट मेंट प्राप्त कर दिनांक 25 फरवरी 2025 के पूर्व फॉर्म-12 ''सी'' कार्यालय में जमा करें, उक्त दिनांक तक फॉर्म-12 ''सी'' प्राप्त न होने की दशा में माह फरवरी पेड मार्च 2025 की मासिक पेंशन राशि से नियमानुसार आयकर कटौती कर ली जायेगी।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने निगम के पेंशनर्स जो आयकर श्रेणी में आते हैं से अपील की है कि दिनांक 25 फरवरी 2025 के पूर्व फॉर्म-12 ''सी'' कार्यालय में जमा करें।

## मदरसा गौसिया रज़विया कासमिया का जश्ने दस्तारबंदी सम्पन्न

**मदरसे में अध्यनरत 6 छात्रों हाफ़िज़ की सनद ( डिग्री ) प्रदान की गई**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मदरसा कादरिया रज़वीय कासमिया क़ादरी चौक सोलह क्वाटर के 25 वर्ष पूरे होने पर जश्ने दस्तरबंदी का कार्यक्रम दिनांक 9 फ़रवरी रविवार को सुब्बाशाह ग्राउंड में किया गया है ।

जिसकी सरपरस्ती हज़रत अल्लाम मुफ़्ती इम्तियज़ुल क़ादरी कासमी मुफ़्ती ए आजम वा काज़ी ए शरआ जिला जबलपुर वा उस्तादुल उलमा हज़रत मौलाना गुलाम अहमद रज़ा तहसीनी साहब की सदारत में सपन्न हुआ । मुख्य वक्ता उस्तादुल उलमा हज़रत अल्लाम मौलाना मुफ़्ती सागीर अहमद बरकाती साहब क़िब्ला प्रिंसपल दारुल उलूम मज़हरे इस्लाम बरेली शरीफ उत्तर प्रदेश व हज़रत मुफ़्ती अल्ताफ हुसैन कसमी साहब, हजरत मुफ़्ती तौफीक आलम कसमी साहब, हजरत मुफ़्ती शहीदुल क़ादरी कसमी साहब, हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद हिफजुर्रहमान क़ासमी साहब, हजरत मुफ़्ती तबरेज़ आलम क़ासमी साहब ने तक़रीर, वजो नसीहत बयान फरमाई वहीं मुख्य शायरे इस्लाम मोहम्मद मुज़फ्फर रज़ा क़ादरी बरेली शरीफ उ.प्र. ने नातो मनकबत पेश की साथ ही हफिजो कारी जाहिद हसन साहब, अतहर रज़ा साहब ने भी नातो मनकबत के शेर पेश किये, इस अवसर पर मदरसा क़ादरीया रज़वीय कसमीया में अध्यनरत 6 छात्रों को हाफ़िज़ की सनद (डिग्री) प्रदान की गई कर्यक्रम के आखिर तक भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे अन्त में सलातो सलाम और मुफ़्ती ए आजम जबलपुर हज़रत इम्तियाज़ुल क़ादरी साहब की दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी पनागर श्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि रात्रि में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली एक व्यक्ति नीले रंग की स्कूटी मे काफी मात्रा में शराब रखे ग्राम बम्हनौदा होकर वायपास की ओर बिक्री हेतु लेकर जा रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई बम्हनोदा वायपास के पास एक व्यक्ति नीले रंग की स्कूटी क्रमांक जीजे 15 बी ओ 6039 से वायपास की ओर जाता दिखा जिसे रोकने का प्रयास किया तो स्कूटी चालक भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया

# महाकुंभ स्नान से पहले सतना में ट्रक-एसयूवी की भीषण टक्कर, जबलपुर के 3 लोगों की मौत, 10 घायल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** सतना. मध्य प्रदेश के सतना जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें प्रयागराज महाकुंभ 2025 जा रहे श्रद्धालुओं की मिनी ट्रक और एसयूवी कार की भीषण टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. मृतकों और घायलों की पहचान के बाद पुलिस ने सभी के घरवालों को सूचना दी. सूचना के बाद परिवार के लोग अस्पताल के लिए रवाना हो गए हैं.

मझगवा थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि यह दुर्घटना सतना-चित्रकूट राज्य राजमार्ग पर रात करीब 1:30 बजे हुई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिनी ट्रक पलट गया, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात सुचारू किया और घायलों को जिला अस्पताल भेजा.

**मृतकों और घायलों की पहचान**

पुलिस के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान महेंद्र पटेल (52), मनीषा पटेल (31) और उनके बेटे जितेंद्र पटेल (11) के रूप में हुई है. सभी मृतक पिकअप ट्रक में सवार थे, जो मध्य प्रदेश के जबलपुर से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे. हादसे में घायल हुए 10 अन्य यात्रियों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस ने बताया कि एसयूवी में सवार यात्री प्रयागराज से चित्रकूट होते हुए दमोह जा रहे थे.

हादसे का कारण जानने के लिए पुलिस ने शुरू की जांच

हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा प्रशासन इस घटना की विस्तृत जांच कर रहा है कि यह टक्कर तेज रफ्तार के कारण हुई या किसी वाहन चालक की लापरवाही के चलते. पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है और दोनों वाहनों की स्थिति की भी जांच की जा रही है.

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर- थाना रांझी मे महेश वर्मन उम्र 51 वर्ष निवासी शांति नगर रानू किराना के पास थाना राँझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि व्हीकल मोड में चाट का ठेला लगाता है दिनांक 09/02/2025 की रात लगभग 11-15 बजे अपने बेटे वंशू वर्मन के साथ दुकान बन्द करके अपना चाट का ठेला लेकर घर जा रहा था जैसे ही 6 वीं बटालियन गेट के पास शांति नगर पहुंचा

## बार-बार याचिका लगाने पर 50 हजार रुपए जुर्माना, कोर्ट ने कहा कि अदालतें मुकदमों से दबी है, सारहीन याचिका नहीं सुनी जा सकती है

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने नर्सिंग फर्जीवाड़ा से संबंधित मुद्दे पर बार-बार याचिका दायर करने पर केएल शर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सीहोर पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है. कोर्ट ने कहा कि अदालतें पहले से ही मुकदमों के बोझ से दबी हैं. इसलिए ऐसी सारहीन याचिकाओं को नहीं सुना जा सकता. जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस एके पालीवाल की खंडपीठ ने याचिका निरस्त करते हुए 30 दिन में राशि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा करने के निर्देश दिए. जांच में कमियां पाए जाने के कारण कॉलेज को मान्यता नहीं मिली थी. इस मामले में कॉलेज ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी.

## भाभी की हत्या करने वाला आरोपी देवर चंद घंटों में पकड़ा गया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना सिहोरा में ग्राम गुनहरू में एक महिला की हत्या होने की सूचना पर मोके पर पहुॅची पुलिस को श्रीमती मूलाबाई गोटिया उम 52 वर्ष निवासी ग्राम गुनहरू शांतिनगर ने बताया कि वह मजदूरी करती है उसके 2 बेटे हैं बड़ा बेटा महेन्द गोटिया और छोटा बेटा राजेन्द्र गोटिया है दोनों लड़के अपने परिवार के साथ अलग अलग हरते हैं वह छोटे बेटे राजेन्द्र के साथ रहती है दिनांक 9-2-25 को अपने घर से दोपहर लगभग 3 बजे भाजी बेचने के लिये रोड़ मे गयी थी शाम लगभग 6 बजे वह रोड़ से अपने घर वापस आयी देखी तो उसका छोटा बेटा राजेन्द्र गोटिया बहू के कमरे में अंदर घुसा था बहू लेटी हुयी थी राजेन्द्र गोटिया लोहे की सायकल के दांते वाले गियर से बहू के गले में मार रहा था, उसने भाजी का झउआ रखकर राजेन्द्र केा चिल्लाई कि दामिनी को क्यों मार रहा है तो राजेन्द्र गंजताल तरफ भाग गया, उसकी बहू दामिनी कोल के गर्दन एवं दाढ़ी में चोट के गहरे निशान थे गले मुंह तथा हाथ पैरों में कपडो खून लगा था बहू दामिनी कोल उम्र 30 वर्ष की मृत्यु हो गई है बहू दामिनी कोल पति महेन्द्र कोल को छोटे लड़के राजेन्द्र ने साईकिल के लोहे के गियर से गले मे मारपीट कर चोट पहुॅचाया है जिससे मृत्यु हो गयी है। रिपोर्ट पर धारा 103 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय ( भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी सिहोरा सुश्री पारूल शर्मा के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी सिहोरा श्री विपिन बिहारी सिह के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी।

गठित टीम द्वारा सरगर्मी से तलाश कर आरोपी राजेन्द्र गोटिया उम्र 22 वर्ष को अभिरक्षा में लेते हुये प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूर्व विधायक बोले-भाजयुमो नेता ने दिया आरोपियों को संरक्षण-टिमरी सामूहिक हत्याकांड पर कहा- सभी के नाम उजागर हो**

**टिमरी हत्याकांड पर सियासत में उबाल**

# विधायक रीवा में हत्या के आरोपी से मिले-विनय सक्सेना

पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गंभीर आरोप लगाए हैं।

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** 27 जनवरी को मध्यप्रदेश के टिमरी में हुए सामूहिक हत्याकांड से जुड़े 10 आरोपियों को भले ही जबलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हो, पर अब इस मामले में जमकर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने हत्याकांड से जुड़े आरोपियों की मदद करने को लेकर रविवार की शाम को पत्रकार-वार्ता रखी और भाजपा विधायक का नाम लिए बिना ही उन पर गंभीर आरोप लगाए।

पूर्व विधायक ने मांग की है कि सेवक महोदय (विधायक) के 15 दिन के कॉल डिटेल सार्वजनिक किए जाए। पूर्व विधायक के आरोप के चंद घंटे बाद ही भाजपा नेता श्रीकांत उर्फ कुक्की ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपने आपको इस हत्याकांड में बेकसूर बताया है। भाजयुमो नेता का कहना है कि मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाए गए थे वह बेबुनियाद है।

उत्तर-मध्य विधानसभा से कांग्रेस के विधायक रहे विनय सक्सेना ने कहा कि, टिमरी गांव में चार लोगों की हत्या के बाद आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण मिला है। कांग्रेस ने मांग की है कि इस पूरे हत्याकांड में जिन राजनीतिक लोगों के नाम सामने आ रहे है, उनके नाम को उजागर किया जाए। पूर्व विधायक ने कहा कि कौन अपने आपको नेता नहीं बेटा और विधायक नहीं, सेवक कहते है, उनकी इस हत्याकांड में कितनी संलिप्तता है, इसका भी खुलासा होना चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि सेवक महोदय के हत्याकांड के 15 दिनों के पहले और 15 दिन बाद के कॉल डिटेल्स सार्वजनिक किए जाए। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि कछपुरा के कौन-कौन से गुंडे है जिनको संरक्षण दिया जा रहा है, यह भी बताया जाए।

### आरोप सही निकलें तो मुझे फांसी मंजूरः वर्मा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** भाजयुमो नेता श्रीकांत वर्मा ने कहा कि 27 जनवरी को टिमरी में चार लोगों की हत्या हो गई है, इसकी मुझे बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी।

हत्या को अंजाम देने के बाद फरार हुए पप्पू साहू ने मुझे फोन पर कॉल करने के बाद सारी घटना बताई, इस पर श्रीकांत ने उससे कहा कि जो कुछ भी हुआ बहुत बुरा हुआ है, वह अपने सभी साथियों के साथ पुलिस थाने जाकर सरेंडर कर दे, इतना सुनते ही पप्पू ने फोन कट कर दिया।

## टिमरी हत्याकांड के विरोध में ब्राह्मण समाज ने किया प्रदर्शन

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर के पाटन के ग्राम टिमरी में एक ही परिवार के चार युवकों की निर्मम हत्या के बाद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज ने मालवीय चौक और घंटाघर पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि पुलिस ने हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन उन्हें फांसी की सजा दी जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए दो-दो करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पीड़ित परिवार में अब मृतकों की पत्नियां और उनके छोटे-छोटे बच्चे ही बचे हैं,

# संभाग क्रमांक 15 में हुई कुर्की की कार्रवाई

**निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशन में और अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया की विशेष उपस्थिति में 3 वार्डों में हुई कुर्की की कार्यवाही**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित आय की पूर्ति के लिए वार्डवार संभागवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ सभी संभागीय अधिकारियों, अन्य राजस्व अमले के द्वारा करदाताओं के घर-घर भी सम्पर्क किया जाकर बकाया करों की राशि की वसूली की जा रही है। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि राजस्व वसूली अभियान में सभी लोग मेहनत कर रहे हैं परन्तु उन्होंने कहा कि टीम के सभी सदस्यों को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार संचालित राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत आज बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों की कुर्क करने की कार्रवाई में तेजी आई है। सभी संभागों के अंतर्गत बड़े पैमाने पर कुर्की और नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में संभाग 15 अंतर्गत अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया की विशेष उपस्थिति में महाराजपुर वार्ड स्थित माया जैन पति संतोष जैन की सम्पत्ति में काबिज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं केनरा बैंक में राशि 1 लाख 48 हजार 9 सौ 92, वार्ड क्रमांक 76 में दिलशाद कुरेशी काया राशि 57 हजार 6 सौ 92, नायाम मोहम्मद बकाया राशि 1 लाख 40 हजार 6 सौ 40 एवं वार्ड क्रमांक 73 के अंतर्गत मणी गोयल पर बकाया 1 लाख 81 हजार रूपये होने पर कुर्की की कार्यवाही करते हुए 3 दिवसीय नोटिस जारी किया गया। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक शिरिष उपाध्याय, सहायक राजस्व निरीक्षक अमत कुशवाला, राजेश डेनियल, चिन्टू भल्ला, भूपेन्द्र सोनी, अभिनेष बडगैया, बलराज पटैल उपस्थित रहे।

**तीन चरणों में किया जायेगा क्रियान्वयन, प्रथम चरण फ़रवरी अंत तक होगा पूर्ण- इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम के क्रियान्वयन की समीक्षा की.**

# इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम को शीघ्र क्रियान्वित करें - लोक निर्माण मंत्री सिंह

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मध्यप्रदेश में सड़क और भवन परियोजनाओं के सुचारू संचालन और पारदर्शी निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) के क्रियान्वयन की प्रगति की आज भोपाल में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आईपीएमएस के प्रथम चरण को फरवरी 2025 के अंत तक, द्वितीय चरण को मई 2025 तक और तृतीय चरण को जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाए। मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजट मार्च 2025 में सचिवालय स्तर पर आईपीएमएस के माध्यम से ही संसाधित किया जाए।

गत वर्ष लोक निर्माण विभाग का कार्य भार संभालने के बाद मंत्री श्री सिंह ने इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम को प्राथमिकता पर लागू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अगस्त 2024 को इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का चयन किया गया। एमपीआरडीसी के प्रबंध निदेशक भरत यादव, प्रमुख अभियंता (सड़क एवं पुल) के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) एस.आर. बघेल, मुख्य अभियंता एवं नोडल अधिकारी इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) बी.पी. बोरासी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) क्रियान्वयन टीम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आईपीएमएस एक ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर है, जिसके माध्यम से निर्माण कार्यों की मांग से लेकर स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया,क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण और परफॉरमेंस गारंटी पूरी होने तक समस्त कार्यवाही ऑनलाइन होगी। इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग और एमपी रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा सड़कों, पुलों और भवन परियोजनाओं के डिजिटल एवं पारदर्शी प्रबंधन के लिए विकसित किया गया एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसकी अनुमानित लागत 17 करोड़ रुपये है। इस प्रणाली मेंपरियोजनाओं की योजना, निविदा प्रक्रिया, निर्माण, निरीक्षण, भुगतान और संपूर्ण मॉनिटरिंग को ऑनलाइन किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और कार्य की गति में उल्लेखनीय सुधार होगा। चरणबद्ध क्रियान्वयन से प्रथम चरण में मांग प्रबंधन, बजटिंग, डीपीआर अपलोडिंग और ऑनलाइन स्वीकृति प्रक्रिया को लागू किया जाएगा, जिससे परियोजनाओं की रियल-टाइम ट्रैकिंग संभव होगी। द्वितीय चरण में ई-टेंडरिंग, अनुबंध प्रबंधन, ठेकेदारों के लिए ऑनलाइन इंटरफेस और माइलस्टोन ट्रैकिंग जैसी सुविधाओं को जोड़ा जाएगा। तृतीय चरण में वित्तीय प्रबंधन, ऑडिट ट्रैकिंग और 5डी बिल्डिंग इंफोर्मेशन मॉडलिंग आधारित योजना के साथ-साथ ई-बिलिंग और ऑनलाइन निरीक्षण प्रणाली को पूरी तरह लागू किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_ 401435_1 PRO- 557 Date-10/02/2025 | संभाग क्रंमाक 01 गढ़ा नया वार्ड क्रं. 71 अंतर्गत जसूजा सिटी में फेस 3 मोड से गुरूद्वारा की ओर एम 30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 8.42 लाख<br>दो माह | 2000/-<br>8420/- | 25.02.2025 |

**नोटः** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/294 2024-25 दिनांक 10/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000622040 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री पन्ना लाल, पिता श्री काशीनाथ गुप्ता** के स्थान पर आवेदक **श्री दीपचंद गुप्ता, पिता- स्व. श्री काशीनाथ गुप्ता** ने **मकान नं. 1144 वार्ड क्र.-10,..... वार्ड,** क्षेत्रफल 1860 व.फु., भूतल 990 व.फु., प्रथमतल 900 व.फु., **दस्तावेज- दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/226 दिनांक 10.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री कृष्ण कुमार बोहरा एवं श्री प्रवीण कुमार बोहरा, पिता- स्व. श्री भजनारायण बोहरा** ने मकान नं. के.न.- 114/1 का भाग, **वार्ड चेरीताल- 27 वार्ड,** क्षेत्रफल 328 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 380 दिनांक 10.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री धर्मेन्द्र चौधरी, पिता- श्री बद्री प्रसाद चौधरी** ने मकान नं. 2553/1, सम्पत्ति पिन नं. 1000480443 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड ,** भूतल 500 व.फु., **शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 379 दिनांक 10.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री मनन भरत वीरा, पिता- श्री भरत वीरा** ने मकान नं. 190/ए 4, सम्पत्ति पिन नं. 1000604276 **वार्ड विवेकानंद -21 वार्ड ,** भूतल 1254 व.फु., प्रथमतल 442 व.फु, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 103/2024-25 दिनांक 07/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री करण सोनी, पिता श्री सुंदरलाल सोनी** के द्वारा **वार्ड क्रं. 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 2000099262 के पंजीकृत स्वामी श्री सत्यपाल खत्री, पिता श्री छन्नूलाल खत्री के नाम से दर्ज खसरा नं. 450/48 का दर्ज रकवा 819 व.फु., के खरीददार सावित्री सोनी, पति स्व. श्री गंगा प्रसाद सोनी के द्वारा क्रय की गई संपत्ति को आवेदक ने लिंक रजिस्ट्री के माध्यम से क्रय किये जाने पर निम्न दस्तावेजों, **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, लिंक रजिस्ट्री, संपत्ति लेजर एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999